

अब हर
रोज दर्पण
▶▶ 3

जबलपुर गुरुवार 06 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी

वर्ष 32 अंक 40 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान
32.7°C
न्यूनतम तापमान
25.6°C
सूर्योदय - 5.43 | सूर्यास्त - 6.49



30 लाख की पुलिया बनी, लेकिन सड़क गायब! ▶▶ 4



टीआईएफएफ में होगा कार्तिक सुब्बाराज की डोरोथी ... ▶▶ 7



महिला मंडल का रामायण कार्यक्रम हुआ संपन्न... ▶▶ 9

## प्रधानमंत्री की पोस्ट हटाने पर जुकरबर्ग ने माफी मांगी

**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार को पीएम मोदी का फेसबुक पोस्ट हटाए जाने के मामले में भारत सरकार से माफी मांगी है। कंपनी ने यह भी माना कि उसके प्लेटफॉर्म पर चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मैटेरियल, डीपफेक और कंटेंट मॉडरेशन से जुड़ी चूक हुई हैं। मेटा की ग्लोबल टीम ने कंपनी के ग्लोबल अफेयर्स चीफ जोएल कैपलन के नेतृत्व में केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आईटी सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात की। यह बैठक पिछले महीने पीएम मोदी का फेसबुक पोस्ट हटने के बाद सरकार की ओर से भेजे गए समन के बाद हुई।

## एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**शामली।** शामली जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कैराना निवासी एक लाख रुपये के इनामी बदमाश फुरकान को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। फुरकान कुख्यात मुकीम काला गिरोह का सक्रिय सदस्य था और कैराना पलायन प्रकरण का मुख्य आरोपी माना जाता था। पुलिस के अनुसार, फुरकान के खिलाफ हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी वसूलना और गैंगस्टर एक्ट के तहत 20 से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने कुशवाह समाज से मांगी माफी

**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने ही एक बयान पर माफी मांगी है। तीन दिन पहले मुरैना में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कुशवाह समाज को लेकर टिप्पणी की थी। उनके बयान का वीडियो सामने आते ही कुशवाह समाज आक्रोशित हो गया था और उन्होंने तोमर की निंदा शुरू कर दी। चौतरफा घिरने और भारी विरोध के बीच अब विधानसभा अध्यक्ष को पत्र जारी कर समाज से माफी मांगनी पड़ी है।

## सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना के पास बुधवार सुबह करीब पांच बजे हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों शिव भक्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, तीनों कांवड़िये हरियाणा के झज्जर जिले के रहने वाले थे और हरिद्वार की ओर कांवड़ यात्रा पर जा रहे थे।

# अब 'परिसीमन बिल' की बारी कैसी है केंद्र सरकार की तैयारी

### 17 अगस्त से तीन दिन का विशेष सत्र बुला सकती है सरकार

नई दिल्ली

संसद का मॉनसून सत्र जब 20 जुलाई को शुरू हुआ तो सबके मन नें एक ही सवाल था कि परिसीमन बिल कब आएगा। संसद का तीन सप्ताह हंगामें के बीच बीत गया, लेकिन परिसीमन बिल नहीं आया। अब महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक को लेकर नया अपडेट आया, मोदी सरकार ने 13 अगस्त को समाप्त हो रहे मॉनसून सत्र को अगले तीन दिन के लिए बढ़ाने का प्लान बनाया है। मोदी सरकार अब फिर से परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयकों को संसद में लाने की तैयारी की है। संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को समाप्त होने के बाद सरकार ने अगले तीन दिन के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है। इस विशेष सत्र में परिसीमन बिल को पारित कराने के दिशा में कदम बढ़ाएगी, लेकिन इस राह में अभी भी कई सियासी अड़चने हैं। महिला आरक्षण को 2029 में लागू करने और लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने वाले परिसीमन बिल को पास कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कवायद सरकार ने




तेज कर दी है। अप्रैल में विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में ये बिल गिर गया था, क्योंकि सरकार नंबर गेम में पीछे रह गई थी। अप्रैल से अगस्त आते-आते संसद के दोनों सदनों में विपक्ष की संरचना में बदलाव आ चुका है, लेकिन क्या सरकार ने संविधान बदलाव के लिए नंबर गेम जुटा लिया है। संसद का मॉनसून सत्र शुरू होने से पहले तय माना जा रहा था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण और परिसीमन बिल को पास कराने की दिशा में अपने कदम बढ़ाएगी। इसकी वजह टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) लोकसभा सांसदों की बगावत रही, जिसके चलते मोदी सरकार का संसद में नंबर गेम बेहतर हुआ है। ऐसे में माना जा रहा था कि सरकार इस दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाएगी। पेपर लीक के मुद्दे पर छात्र आंदोलन के चलते मोदी सरकार के सारे मंसूबों पर पानी फिर गया। मॉनसून सत्र के शुरूआती तीन सप्ताह हंगामे के भेंट चढ़ गए, विपक्ष राम मंदिर के चंदा चोरी के मुद्दे पर चर्चा और जंतर-मंतर पर छात्रों हुए पुलिस एक्शन पर अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग कर रहा है। इसके चलते संसद का सत्र नहीं चल पा रहा, जिसके चलते मोदी सरकार ने परिसीमन बिल को पेस नहीं किया।

### राहुल गांधी से मिले रिजिजू

संसद में जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। यह बैठक संसद परिसर स्थित नेता प्रतिपक्ष के कार्यालय में हुई। करीब 50 मिनट तक चली इस बैठक में प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। माना जा रहा है कि किरेन रिजिजू ने परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर कांग्रेस का सहयोग मांगा, लेकिन राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया कि पार्टी में बातचीत करने के बाद अपनी राय देंगे। राहुल गांधी ने यह भी साफ कह दिया है कि जब तक अमित शाह सदन में जवाब नहीं देंगे और राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर सदन में चर्चा नहीं होगी तब तक सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। अब देखना है कि सरकार क्या रास्ता अपनाती है।

### क्या है सरकार की रणनीति

अब मोदी सरकार ने परिसीमन बिल को लाने का प्लान बनाया है, जिसके लिए संसद के मॉनसून सत्र को तीन दिन बढ़ाने की रणनीति है। सरकार 17 अगस्त से तीन दिन का विशेष सत्र बुला सकती है। सूत्रों के मुताबिक मोदी सरकार ने परिसीमन संशोधन बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की संख्या जुटाने पर काम शुरू कर दिया है।

### सरकार के पास दो विकल्प

1. महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक को पास कराने के लिए मोदी सरकार के पास दो विकल्प हैं। पहला विकल्प लोकसभा और राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत का नंबर जुटा ले। सरकार फिलहाल नंबर गेम जुटाने में सफल नहीं हो पा रही है, जिसके चलते ही मॉनसून सत्र में संविधान संसोधन विधेयक नहीं ला सकी।

2. दूसरा विकल्प आपसी सहमति से बिल को पास कराने का है, जिस तरह महिला आरक्षण विधेयक को 2024 के चुनाव से पहले पास कराया था। सरकार को परिसीमन बिल के मुदेदे पर विपक्ष का रंजामंद होने जरूरी है। विपक्षी दलों की परिसीमन के मुद्दे पर अपनी-अपनी मांग है, सपा लेकर शिवसेना (यूबीटी) और डीएमके तक मांग रख चुके हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जनोन्मुखी पहल**

## हर शुक्रवार को आयोजित होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 शुक्रवार 7 अगस्त से प्रारंभ होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ ही कलेक्टर्स और कमिश्नर को अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन-संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग और लोकसेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करने के उददेश्य से राज्य शासन द्वारा यह अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। इस अवधि में प्रत्येक सप्ताह के पंचम दिवस अर्थात शुक्रवार को अभियान संचालित होगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान दिवस अर्थात प्रत्येक शुक्रवार को (अपरिहार्य स्थितियों को छोड़कर) विभाग स्तर पर अथवा विभागाध्यक्ष स्तर पर अथवा संभागायुक्त या जिला कलेक्टर्स अथवा विभागीय जिला अधिकारियों के साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन/ऑफलाइन समीक्षा बैठकों का आयोजन नहीं किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों के लिए यह अनिवार्य होगा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की अवधि में प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारीगण फील्ड भ्रमण करेंगे। संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के 4 स्तम्भ हैं। पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन इस अभियान का प्रतिबिंब है। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों में कहा गया है कि सभी विभागों का यह दायित्व होगा कि प्रति सप्ताह अपने-अपने विभाग से संबंधित सी.एम हेल्पलाईन, जनसुनवाई एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करेंगे।



## मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़े बदलावों का दौर शुरू हो गया है। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटीके मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने 5 अगस्त को एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए प्रदेश कांग्रेस के सभी विभाग, प्रकोष्ठ (सेल्स) और उनकी जिला व ब्लॉक स्तरीय इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। दिल्ली में दो दिन से चल रही समीक्षा बैठक के बाद लिए गए इस फैसले से राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

## कैबिनेट सचिव, गृह सचिव को एक-एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन और गृह सचिव गोविंद मोहन को एक-एक साल का सेवा विस्तार दिया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किये। पहले आदेश में कहा गया है कि समिति ने तमिलनाडू कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी सोमनाथन को 30 अगस्त 2026 से आगे एक साल का सेवा विस्तार देना मंजूर किया है। एक अन्य आदेश में कहा गया है कि सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी मोहन 22 अगस्त 2026 से आगे यानि 22 अगस्त 2027 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) एक साल का दिया गया है।

## मैहर में बिरसा मुंडा प्रतिमा विवाद ने लिया हिंसक रूप

मैहर। मैहर जिले के बदेरा क्षेत्र अंतर्गत बहीली गांव में वन भूमि पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। वन विभाग और ग्रामीण आदिवासियों के बीच पहले तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प और पथराव में बदल गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बहीली गांव के कक्ष क्रमांक पी -580 की वन भूमि पर आदिवासी समाज बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कर रहा था। इसी दौरान वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भूमि को वन विभाग की संपत्ति बताते हुए निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया। इस पर ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच

**वन विभाग और आदिवासियों के बीच झड़प**



विवाद बढ़ गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और वन विभाग के साथ पहले एक लिखित समझौता हुआ था, जिसके तहत प्रतिमा स्थापना को लेकर सहमति बनी थी। उनका कहना है कि बाद में वन विभाग ने उसी समझौते का पालन नहीं किया और प्रतिमा स्थापना रोकने का प्रयास किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि अभी तक किसी के गंभीर रूप से घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन झड़प के कारण पूरे क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## अगले वित्त वर्ष के आरंभ में आयेंगे प्लास्टिक नोट

**मुंबई (वार्ता)।** सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो अगले वित्त वर्ष के आरंभ तक प्लास्टिक के नोट लोगों के हाथों में होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को बताया कि शुरुआत में इन नोटों को पायलट परीक्षण के लिए लाया जायेगा। यदि पायलट में सबकुछ ठीक रहा तो इसका आगे विस्तार किया जायेगा। केंद्रीय बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में श्री मल्होत्रा ने कहा, यदि सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो हमने अगले वित्त वर्ष की शुरुआत में इसे लाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अभी पॉलीमर के कागज के लिए निविदा आमंत्रित की है। उसके आने के बाद उस पर परीक्षण किये जायेंगे, सुरक्षा संबंधी स्वीकृतियां मिलेंगी, कई चरण हैं, कई सिक्योरिटी फीचर हैं। उन्होंने कहा कि सही समय पर लोगों को इसकी जानकारी दी जायेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पायलट के दौरान यह देखना होगा कि भारतीय परिस्थितियों में इनका प्रदर्शन कैसा रहता है, यहां की जलवायु और जो दूसरी अवसंरचनाएं इसके लिए तैयार की गयी हैं, उनके साथ इनका प्रदर्शन कैसा रहता है। उसके बाद आरबीआई विचार करेगा कि इसे पूरी तरह अपनाया जा सकता है या नहीं, और उसके लिए किसी बदलाव की आवश्यकता है या नहीं। उन्होंने बताया कि पॉलीमर के नोट लाने के दो उद्देश्य हैं। पहला, इससे नोट का जीवनकाल बढ़ जाता है। यह विशेष रूप से कम मूल्य के नोटों पर अधिक लागू होता है जिनका हस्तांतरण एक हाथ से दूसरे हाथ में अधिक होता है जिससे वे जल्दी खराब हो जाते हैं। कई देशों में 30 साल से इन नोटों का इस्तेमाल हो रहा है। वहां यह पाया गया है कि ये नोट कागज के नोटों की तुलना में तीन-चार गुना ज्यादा समय तक चलते हैं।

## पॉलिटिकल पार्टी नहीं बनाएंगे: दीपके

**छत्रपति संभाजीनगर।** सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने बुधवार को कहा, कॉकरोच जनता पार्टी फिलहाल राजनीतिक पार्टी नहीं बनेगी। अभी भारत को एक मजबूत प्रेशर ग्रुप की जरूरत है, इसलिए कॉकरोच पार्टी उसी भूमिका में काम करेगी। दीपके ने कहा, अगर हम राजनीतिक पार्टी बनाते, तो हमारा आंदोलन सफल नहीं होता। आंदोलन इसलिए सफल हुआ, क्योंकि अलग-अलग विचारधाराओं और राजनीतिक दलों के लोग लोकतंत्र को कमजोर करने वाली चीजों के खिलाफ एक साथ आए। आज भारत को किसी नई राजनीतिक पार्टी की नहीं, बल्कि एक मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में सीजेपी की आज से दो दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में दीपके ने बताया कि इसमें जंतर-मंतर आंदोलन की समीक्षा, ई-20 पेट्रोल, शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि संगठन को देशभर में कैसे मजबूत किया जाए।



## युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार: सुप्रीम कोर्ट

### भटके युवक करते हैं पत्थरबाजी, सरकार आक्रामक रवैये से बचे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में हिंसा को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार है। कोर्ट ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को संयम रखना चाहिए। अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी भी करें, तब भी उन्हें समझाने और शांत करने की कोशिश करनी चाहिए। सरकार को भी आक्रामक रवैया अपनाने से बचना चाहिए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने यह टिप्पणी रिटायर्ड एयरफोर्स अफसर मनीष कुमार सोलंकी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में 20 जुलाई के संसद चलो मार्च के आयोजकों यानी सीजेपी प्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। कोर्ट ने इस याचिका को इसी मामले से जुड़ी दूसरी याचिका के साथ जोड़ दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी करते हैं, तब भी उन्हें समझाने और सलाह देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें काउंसलिंग मिलनी चाहिए। अगर सरकार आक्रामक रवैया अपनाएगी, तो हालात और बिगड़ सकते हैं और हिंसा बढ़ सकती है। इससे बचना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि सबसे जरूरी बात शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बढ़ावा देना है। अगर कोई घटना हो भी जाती है, तो पुलिस को बहुत संयम से काम लेना चाहिए, ताकि हालात नियंत्रण से बाहर न जाएं। जहां भी ऐसी घटनाएं हों, वहां बहुत सावधानी से स्थिति संभालनी चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि बहुत सोच-समझकर कदम उठाने होंगे, ताकि युवा हिंसा की राह पर न जाएं। सबसे अच्छा तरीका है उन्हें समझाना और शांत करना। उनकी बात सुनिए और समझिए कि वे आखिर क्यों विरोध कर रहे हैं। अंत में चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसे मामलों से कैसे निपटना है, यह कानून लागू करने वाली एजेंसियों पर छोड़ देना चाहिए। उन्हें ऐसी परिस्थितियों से निपटने का अनुभव हमसे और आपसे ज्यादा है। संसद मार्च के दौरान 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कई प्रदर्शनकारियों को भी चोटें आई थीं।




**राहुल गांधी का सरकार पर निशाना**

## 'प्रदर्शनकारियों के घर गुंडे भेजे गए'

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने वाले छात्रों के साथ मारपीट की गई, उन्हें धमकाया गया और उनके घरों तक लोगों को भेजा गया। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों ने कोई हिंसा नहीं की, बल्कि वे बेहतर शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा पेपर लीक रोकने की मांग कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने छात्र आंदोलन में शामिल कई युवाओं से खुलकर बातचीत की। छात्रों ने उन्हें बताया कि प्रदर्शन के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें डराया-धमकाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि खराब होती शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाना कोई अपराध नहीं है। अगर छात्र व्यवस्था में बदलाव चाहते हैं तो उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश को ऐसी शिक्षा व्यवस्था चाहिए जो युवाओं का भविष्य सुरक्षित करे और परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाएं बंद हों। राहुल गांधी के साथ प्रेस वार्ता में छात्र आंदोलन से जुड़े कुछ युवा भी मौजूद थे। रिया अहीर ने कहा कि वह वही लड़की हैं, जो मुंबई पुलिस की गाड़ी के सामने खड़ी हुई थीं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने 20 निर्दोष लड़कों को बचाने की कोशिश की थी। रिया ने आरोप लगाया कि अब उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हजारों युवाओं ने संविधान, भारत की अवधारणा और देश के भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की मांग सुननी चाहिए, न कि उन्हें डराना चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि युवा मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन गृह मंत्री और प्रधानमंत्री सामने आकर सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि छात्रों की मांग केवल बेहतर शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक पर रोक और सुरक्षित भविष्य की है। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष छात्रों की आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने और छात्रों के खिलाफ कथित कार्रवाई रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का अधिकार है और सरकार को छात्रों की शिकायतों का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें दबाने की कोशिश करनी चाहिए।



### जबरन मंगवाई गई माफी

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के बाद छात्रों के घरों तक गुंडे भेजे गए और एक 15 साल की लड़की से जबरन माफी मंगवाई गई। उन्होंने कहा कि किसी छात्र को इस तरह डराकर माफी मंगवाना पूरी तरह गलत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस इस तरह की कार्रवाई को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने दोहराया कि छात्रों ने न तो हिंसा की और न ही किसी तरह की आक्रामकता दिखाई, फिर भी उनके साथ सख्ती बरती गई।

# दुर्लभ बीमारी क्लोव्स सिंड्रोम के प्रति जिनसार के विद्यार्थियों ने आमजनों को किया जागरूक

### क्लोव्स सिंड्रोम अवेयरनेस डे के अवसर पर हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) के बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा 05 अगस्त को जानकी रमन हॉस्पिटल में क्लोव्स सिंड्रोम अवेयरनेस डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में तथा अरविंद यादव एवं शुभांगी केवत के समन्वयन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य क्लोव्स सिंड्रोम जैसी दुर्लभ जन्मजात बीमारी के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रोग के लक्षण, कारण, शीघ्र पहचान, उपलब्ध उपचार तथा नियमित चिकित्सकीय परामर्श के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह एक दुर्लभ जन्मजात विकार है, जिसमें शरीर के वसायुक्त ऊतकों की असामान्य वृद्धि, रक्तवाहिनियों की विकृतियां, त्वचा संबंधी परिवर्तन तथा अस्थि विकृतियां देखी जा सकती हैं।

### पोस्टर के माध्यम से दी जानकारी

जागरूकता अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिक्षा एवं संवादात्मक चर्चा के माध्यम से मरीजों, उनके परिजनों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं आम नागरिकों को जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे इस प्रकार की दुर्लभ बीमारी से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाएं तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेकर बहुविषयक उपचार सुनिश्चित करें, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना की। यह कार्यक्रम समाज में दुर्लभ रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक समावेशन को प्रोत्साहित करने तथा समय पर निदान एवं उपचार के महत्व को रेखांकित करने में सफल रहा।

# नगर निगम ने जब्त किया अमानक प्लास्टिक से बनी सामग्रियों का जखीरा

### कई प्रतिष्ठानों पर दबिश, वसूला लाखों का जुर्माना



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशों के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गयी। कार्यवाही के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर निगम की टीम ने शहर के व्यावसायिक स्थलों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई, जिसमें 60 बोरी अमानक कैरीबैग, 120 पैकेट प्लास्टिक चम्मच और 100 पैकेट डिस्पोजल आइटम। चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विराग रोडवेज, कैलाश चंदानी एवं अनुप नागरईया के प्रतिष्ठानों पर सीधी कार्रवाई करते हुए जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संपूर्ण जब्ती कार्रवाई एवं नियमों के उल्लंघन पर कुल 2 लाख 70 हजार की राशि दंड स्वरूप वसूल की गई।

**गंदगी करने वालों पर भी कार्यवाही**-शहर में गंदगी फैलाने एवं खुले में कचरा या मलबा फेंकने वालों पर भी स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बताया कि गंदगी फैलाने, मलबा फेंकने तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन का भंडारण-उपयोग करने वाले 50 से अधिक लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस चालानी अभियान से 20 हजार रुपये का जुर्माना मौके पर ही वसूल किया गया।

## वेतन वृद्धि और इंक्रीमेंट की मांग पर एकजुट हुए शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के कर्मचारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वेतन वृद्धि और इंक्रीमेंट की मांग पर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के दर्जनों कर्मचारियों ने अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर संभाग के नाम पर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारी में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में कार्यरत स्थायीकर्मियों को उनके द्वारा पूर्ण किये वर्षों के आधार पर वेतन निर्धारण कर वार्षिक वेतन वृद्धि सम्मिलित कर वेतन भुगतान करने, महाविद्यालय में कार्यरत स्थायीकर्मियों का सेवा पुस्तिका बनाया जाये एवं द्वितीय प्रति स्थायीकर्मी कर्मचारियों को प्रदान करने और स्थायीकर्मी सामान्य प्रशासन विभाग के परिशिष्ट (आ) के अनुसार चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद पर जिला कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर अविलंब नियुक्त करने की मांग की गई। इस दौरान मप्र कार्यभारित दैनिक वेतनभोगी स्थायीकर्मी श्रमिक महासंघ के नेतृत्व में भारतीय मजदूर संघ के सानिद्ध में जिलाध्यक्ष शारदा विश्वकर्मा, जिला महामंत्री जगदीश सिंह संभागीय महामंत्री नंदूलाल झारिया, विभाग प्रमुख राजकुमार नायक, जगदीश ननहट, रामराव मगरदे, प्रांतीय अध्यक्ष द्वारका कुशवाहा उपस्थित रहे। इसके पश्चात् रैली के साथ घनश्याम चक्रवर्ती अध्यक्ष असंगठित श्रमिक संघ, सुशील द्विवेदी, देवराज कुशवाहा, सुशील यादव महाविद्यालय के कर्मचारी जुझारु आनंद विरहा की उपस्थिति में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना को महासंघ द्वारा ज्ञापन देते हुये चेतावनी संघ द्वारा दी गई कि एक सप्ताह के भीतर मांगे पूर्ण न होने पर संघ द्वारा महाविद्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया जावेगा।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म हैक कर छवि धूमिल करने की साजिश



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य भारत मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उनका सोशल मीडिया टेलीग्राम हैक हो गया। जिसके चलते उनसे जुड़े शहर के लोगों को अश्लिल मैसेज फॉरवर्ड किए जा रहे है। उनका कहना है कि कोई जानबूझकर उनकी छवि व चरित्र धूमिल कर रहा है। अध्यक्ष सौरभ यादव ने एस पी कार्यालय पहुंच कर साइबर सेल से करते हुए टेलीग्राम को बंद कर मैसेज पे रोक लगाने की बात करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। उन्होंने लोगों से जागरूक रहने की अपील की है।

# मूंग की सरकारी खरीदी में बढ़ी किसानों की दिलचस्पी

### खरीदी सीमा बढ़ने के बाद तेज हुई स्लॉट बुकिंग



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** मूंग की सरकारी खरीदी में प्रति एकड़ खरीदी की सीमा बढ़ने के बाद सिहोरा और मझोली क्षेत्र के किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है। पहले जहां कई किसान अपनी उपज निजी व्यापारियों को बेच रहे थे, वहीं अब बड़ी संख्या में किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। सरकार ने किसानों के विरोध के बाद 31 जुलाई को प्रति एकड़ खरीदी की सीमा 1 क्विंटल 20 किलो से बढ़ाकर 2 क्विंटल 83 किलो कर दी। इसके साथ ही स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त और खरीदी की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इसके बाद लगातार किसान स्लॉट बुक कर अपनी मूंग सरकारी खरीदी केंद्रों में बेच रहे हैं। सिहोरा और मझोली तहसील के पोंडा, फनवानी और विपणन संघ के वेयरहाउस में संचालित खरीदी केंद्रों पर अब तक करीब 1,200 किसानों से लगभग 9 हजार क्विंटल मूंग की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए शासन ने मूंग की हर बोरी पर क्यूआर कोड वाला टैग लगाना शुरू किया है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही संबंधित किसान का नाम, गांव, मूंग की मात्रा और खरीदी से जुड़ी पूरी जानकारी तुरंत सामने आ जाती है। किसान रामश्री पटेल ने बताया कि पहले कम खरीदी सीमा के कारण उन्होंने सरकारी केंद्र में मूंग नहीं बेची थी, लेकिन सीमा बढ़ने के बाद उन्होंने तुरंत स्लॉट बुक कर उपज बेच दी। वहीं किसान राम सूजान यादव, दीपक पटेल और विनय बर्मन ने भी बताया कि उन्होंने स्लॉट बुक करा लिया है और अब अपनी मूंग सरकारी खरीदी केंद्र पर ही बेचेंगे।

# अवैध हथियारों के साथ पुलिस ने दबोचे 3 बदमाश

### लार्डगंज थाने की कार्यवाही, 2 कट्टे और 3 जिंदा कारतूस बरामद



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लार्डगंज थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने के मामले में 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्यवाही जीरो डिग्री के पास दबिश देकर की है। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, 2 कट्टे और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। सीएसपी कोतवाली अखिलेश गौर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्वारीघाट थाने में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा एक आरोपी पिस्टल लेकर किसी वारदात की फिराक में जीरो डिग्री के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही लार्डगंज पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बताए गए हुलिए के व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम 36 वर्षीय दीपक जाटव निवासी सुख सागर, ग्वारीघाट बताया। तलाशी लेने पर एक पिस्टल और एक कारतूस मिला। पूछताछ करने पर आरोपी दीपक जाटव ने खुलासा किया कि उसके दो अन्य साथी आकाश पटेल और आनंद चौधरी भी हथियारों के साथ वहीं पहुंचने वाले हैं। दीपक ने यह भी स्वीकार किया कि वे तीनों मिलकर अवैध हथियारों के क्रय-विक्रय का संगठित कारोबार चलाते हैं। इसके बाद कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और 31 वर्षीय आरोपी आकाश पटेल और 29 वर्षीय आनंद चौधरी को भी दबोच लिया। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से 2 कट्टे और 2 कारतूस जब्त किए गए।

**पहले से कई मामले दर्ज**

बताया जा रहा है कि पकड़े गए तीनों आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। मुख्य आरोपी दीपक जाटव भोपाल में दर्ज हत्या के एक मामले में जमानत पर था और ग्वारीघाट में हत्या के प्रयास के केस में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। वहीं, उसके साथी आकाश पटेल के विरुद्ध पहले से 9 आपराधिक मामले और आनंद चौधरी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत 5 मामले पंजीकृत हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने ये हथियार सुयश छोटू चौबे से दो महीने पहले खरीदे थे। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों को पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक राजेश वर्मा, प्रधान आरक्षक हेमराज तथा आरक्षक शुभम पटेल, हुलेश, पंकज और ऋषभ की सराहनीय भूमिका रही।

## महान विभूतियों के नाम पर होगें शहर के 2 प्रमुख चौकः निगमाध्यक्ष रिंकू विज



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर के 2 प्रमुख चौराहों का नामकरण देश की महान विभूतियों के नाम पर किया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि साहित्यकारों एवं महान विभूतियों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण नई पीढ़ी को उनके आदर्शों एवं योगदान से परिचित कराने का सशक्त माध्यम है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्र कवि प्रतिमा स्थल राईट टाउन चैराहे का नामकरण राष्ट्र कवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त (कनकने) के नाम से एवं आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे मानस बिहार कॉलोनी के मुख्य चैक का नामकरण मानस चैक-लमती किये जाने हेतु सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई। उपरोक्त दोनों प्रस्ताव मेयर-इन-काउंसिंह की बैठक दिनांक 3 जुलाई में पारित किया जा चुका है। इस निर्णय का साहित्यप्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों द्वारा निगमाध्यक्ष रिकुंज विज के प्रति आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नितिन भाटिया बने भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा खेल प्रकोष्ठ में जबलपुर से नितिन भाटिया को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। नितिन भाटिया वुशु (मार्शल आर्ट) के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहें है एवं इन्होने अंतर्राष्ट्रीय वुशु खेल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया है साथ ही वुशु खेल स्पर्धा में पांच बार राष्ट्रीय पदक जीता है। श्री भाटिया इसके पूर्व भाजपा मीडिया संपर्क विभाग में प्रदेश सह संयोजक रहें है। इनकी नियुक्ति पर मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे आदि ने शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# युवक की हत्या कर हथियार लहराते हुए फरार हुए बदमाश



### गोहलपुर थाना अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी का मामला, आरोपियों की तलाश में पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोहलपुर थाना अंतर्गत बनी कृष्णा कॉलोनी एक युवक की बदमाशों द्वारा चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह वारदात बुधवार शाम लगभग 7 बजे की है। वारदात की खबर लगते ही मौके पर पहुंची गोहलपुर थाने की पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक करमेता निवासी 30 वर्षीय यशवंत ठाकुर शाम के समय कृष्णा कालोनी त्रिमूर्ति नगर अपने काम से गया था। इसी बीच तीन बदमाशों ने देखा तो घेरकर गाली गलौज करने लगे। यशवंत ने विरोध किया तो उसपर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दिन दहाड़े युवक पर हमला होते देख राह चलते लोगों में चीख पुकार मच गई, यहां तक कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए देखा तो यशवंत खून से लथपथ मृत हालत में पड़ा है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

वारदात के बाद 3 अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर बीच सड़क पर पहले तो युवक की हत्या की और फिर चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही गोहलपुर थाना प्रभारी रितेश पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन बदमाशों ने यशवंत पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हैं, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इधर पुलिस के साथ एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। आरोपियों का पकड़ने पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## अवैध कॉलोनी पर नगर निगम ने चलाया बुलडोजर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गौरीघाट क्षेत्र के पोलीपाथर स्थित संतनगर की निहार स्टेट कॉलोनी में बुधवार सुबह नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने कार्रवाई करते हुए दो नवनिर्मित मकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। निगम प्रशासन का कहना है कि संबंधित कॉलोनी अवैध है, जबकि प्रभावित परिवारों ने इस कार्यवाही को एकतरफा बताते हुए अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। नगर निगम का दस्ता 5 जेसीबी मशीनों और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान रिशिका और मुकेश रजक के मकानों को तोड़ दिया गया। प्रभावित मकान मालिकों का कहना है कि उनके मकान पूरी तरह वैध हैं और उनके पास स्वीकृत नक्शे भी मौजूद हैं। उनका आरोप है कि उन्होंने कार्रवाई से पहले संबंधित दस्तावेज अधिकारियों को दिखाए, लेकिन उन्हें नजरअंदाज करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में मकान ढहा दिए गए।पीड़ितों का यह भी कहना है कि उन्होंने अधिकारियों से मकान तोड़ने के आदेश की प्रति दिखाने की मांग की थी, लेकिन उन्हें कोई आदेश नहीं दिखाया गया और बिना संतोषजनक जवाब दिए कार्रवाई कर दी गई। मकान मालिक रिशिका ने कहा कि उनकी जीवनभर की जमा-पूंजी देखते ही देखते मलबे में बदल गई।

# छात्र संघ चुनाव के लिए सरकार तत्काल जारी करे अधिसूचना

### एनएसयूआई ने उठाई मांग, विलंब करने पर आंदोलन की चेतावनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



मप्र हाईकोर्ट द्वारा छात्रसंघ चुनाव को लेकर दिए गए निर्देश के बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने बुधवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर राज्य सरकार से सितंबर 2026 तक छात्रसंघ चुनाव कराने और उन्हें प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से संपन्न कराने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार चुनाव में विलंब करती है या प्रत्यक्ष प्रणाली से पीछे हटती है, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि हाईकोर्ट ने छात्रसंघ गठन से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन को सितंबर 2026 तक छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। संगठन ने इसे प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की बड़ी जीत बताया। यह जनहित याचिका छात्रनेता अदनान अंसारी द्वारा दायर की गई थी।प्रेसवार्ता में एनएसयूआई के सचिन रजक ने कहा कि पिछले नौ वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होना विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यदि संगठन न्यायालय नहीं जाता तो प्रदेश के छात्र अपने वैधानिक प्रतिनिधित्व से लगातार वंचित रहते।उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि हाईकोर्ट के निर्देशों और लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप बिना किसी देरी के छात्रसंघ चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम और दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही चुनाव प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से कराए जाएं, ताकि प्रत्येक नियमित विद्यार्थी अपने प्रतिनिधियों का सीधे चुनाव कर सके।एनएसयूआई नेताओं का कहना था कि छात्रसंघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला है और चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी तथा व्यापक छात्र सहभागिता के साथ होना चाहिए। संगठन ने स्पष्ट किया कि अप्रत्यक्ष या मेरिट आधारित व्यवस्था छात्रों की भागीदारी को सीमित करती है, इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई नहीं करती या प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू नहीं करती, तो एनएसयूआई प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

## रेल परिसरों में गंदगी फैलाने वाले 1371 यात्रियों पर कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता के प्रति यात्रियों में जागरूकता लाने एवं रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के अंतर्गत सभी प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित रूप से साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत नियमित कार्यवाही की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष (1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026) की अवधि में जबलपुर मंडल में कुल 1,371 मामलों में कार्यवाही की गई, जिससे रेलवे को 2 लाख 75 हजार से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरूवार 06 अगस्त 2026



# प्लास्टिक खाने वाले बैक्टीरिया से होगी गंगा की सफाई

गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, आस्था और करोड़ों लोगों की जीवनरेखा है। लेकिन बढ़ते औद्योगिक अपशिष्ट, सीवेज और प्लास्टिक कचरे ने इसकी निर्मलता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ऐसे में वैज्ञानिकों ने गंगा की सफाई के लिए एक नई और पर्यावरण-अनुकूल तकनीक विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। इस तकनीक का आधार है प्लास्टिक खाने वाले बैक्टीरिया।



## प्लास्टिक खाने वाले बैक्टीरिया क्या हैं?

वर्ष 2016 में जापान के वैज्ञानिकों ने आइडियोनेला सकाइएंसिस नामक बैक्टीरिया की खोज की। यह जीवाणु पीईटी प्लास्टिक को विशेष एंजाइम पीईटेज और एमएचईटेज की सहायता से छोटे-छोटे अणुओं में तोड़ देता है, जिन्हें बाद में वह ऊर्जा के रूप में उपयोग करता है। इससे प्लास्टिक का प्राकृतिक अपघटन संभव हो जाता है।

## भारत में शोध और संभावनाएँ

भारत में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण शोध किए जा रहे हैं। सीएसआईआर-नीरी (नागपुर), आईआईटी रुड़की तथा उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (टीएफ आरआई), जबलपुर जैसे संस्थान सूक्ष्मजीवों की मदद से जल प्रदूषण कम करने की तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को बायोरिमेडिएशन (जैव-उपचार) कहा जाता है, जिसमें सूक्ष्मजीव प्रदूषकों को प्राकृतिक रूप से विघटित करते हैं।

## चुनौतियाँ और नागरिकों की भूमिका

वैज्ञानिक इन जीवाणुओं की कार्यक्षमता बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके साथ ही नागरिकों की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एकल-उपयोग प्लास्टिक का कम प्रयोग, कचरे का उचित निस्तारण और नदी-स्वच्छता अभियानों में सहभागिता गंगा संरक्षण में अहम भूमिका निभा सकती है।



अलीशा मोनिका
शिक्षक
हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी
डुमना रोड, जबलपुर

# बीज से वृक्ष बनने तक की अद्भुत यात्रा

धरती पर जीवन का आधार केवल मनुष्य या पशु-पक्षी नहीं, बल्कि पेड़-पौधे भी हैं। एक विशाल वृक्ष, जो वर्षों तक छाया, फल, फूल, ऑक्सीजन और जीवन प्रदान करता है, उसकी शुरुआत एक छोटे से बीज से होती है। यह यात्रा केवल जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि धैर्य, संघर्ष, विकास और प्रकृति के संतुलन का अद्भुत उदाहरण है। एक छोटा-सा बीज अनुकूल परिस्थितियाँ मिलने पर धीरे-धीरे अंकुरित होकर विशाल वृक्ष का रूप ले लेता है। यह परिवर्तन जीव विज्ञान का एक महत्वपूर्ण विषय होने के साथ-साथ प्रकृति की सबसे प्रेरणादायक प्रक्रिया भी है।




## बीज क्या है?

बीज किसी भी पुष्पीय पौधे का वह भाग है, जिसमें नए पौधे के विकास की पूरी क्षमता छिपी होती है। इसके भीतर एम्ब्रियो खाद्य भंडार तथा सुरक्षा प्रदान करने वाला कठोर बीजावरण होता है। बीज ही पौधों के जीवन चक्र की शुरुआत करता है और नई पीढ़ी का निर्माण करता है।

## अंकुरण, जीवन की पहली दस्तक

जब बीज को पर्याप्त नमी, उपयुक्त तापमान, ऑक्सीजन और कुछ पौधों के लिए प्रकाश मिलता है, तब अंकुरण की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। सबसे पहले बीज पानी को अवशोषित करता है, जिससे उसके भीतर मौजूद एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं। इसके बाद बीज का आवरण फटता है और सबसे पहले जड़ बाहर निकलती है, जो मिट्टी में प्रवेश कर पौधे को स्थिरता और पोषण प्रदान करती है। इसके बाद तना ऊपर की ओर बढ़ते हुए प्रकाश की दिशा में विकसित होता है।

## नन्हे पौधे का विकास

अंकुरण के बाद पौधा धीरे-धीरे अपनी पहली पत्तियाँ विकसित करता है। प्रारंभिक अवस्था में वह बीज में संचित भोजन पर निर्भर रहता है, लेकिन पत्तियाँ विकसित होने के बाद प्रकाश संश्लेषण शुरू हो जाता है। सूर्य का प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और जल की सहायता से पौधा अपना भोजन स्वयं बनाता है। यही प्रक्रिया उसके निरंतर विकास का आधार बनती है।

## जड़, तना और पत्तियों की भूमिका

पौधे की जड़ें मिट्टी से जल एवं खनिज लवणों का अवशोषण करती हैं और पौधे को मजबूती देती हैं। तना इन पोषक तत्वों को पूरे पौधे तक पहुँचाता है तथा शाखाओं और पत्तियों को सहारा देता है। पत्तियाँ भोजन निर्माण का प्रमुख केंद्र होती हैं, जहाँ क्लोरोफिल की सहायता से प्रकाश संश्लेषण होता है। इन सभी अंगों के समन्वित कार्य से पौधा तेजी से बढ़ता है।

## पौधे से वृक्ष बनने की प्रक्रिया

समय के साथ पौधा मजबूत तना, घनी शाखाएँ और विस्तृत जड़ तंत्र विकसित करता है। कुछ वर्षों में यह एक पूर्ण विकसित वृक्ष बन जाता है। वृक्ष बनने के बाद उसमें फूल और फल लगने लगते हैं, जिनमें पुनः नए बीज बनते हैं। इस प्रकार प्रकृति का जीवन चक्र निरंतर चलता रहता है।

## वृक्ष बनने में सहायक प्रमुख कारक

- उपजाऊ मिट्टी और पर्याप्त पोषक तत्व
- नियमित जल की उपलब्धता
- पर्याप्त सूर्य का प्रकाश
- अनुकूल तापमान और जलवायु

## विज्ञान के रोचक तथ्य

1. शुद्ध सोना इतना मुलायम होता है कि उसे हाथ से भी तोड़ा मोड़ा जा सकता है। इसलिए आभूषण बनाते समय इसमें अन्य धातुएँ मिलाई जाती हैं।
2. मानव शरीर का लगभग 65 प्रतिशत भाग ऑक्सीजन तत्व से बना है, जबकि सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व ऑक्सीजन ही है।
3. नींबू में मौजूद साइट्रिक अम्ल जंग के हल्के दाग हटाने में मदद करता है।
4. सोडियम धातु पानी के संपर्क में आते ही तीव्र प्रतिक्रिया करती है, इसलिए सोडियम को तेल में सुरक्षित रखा जाता है।
5. पीएच पैमाना 0 से 14 तक होता है, जो किसी पदार्थ की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति बताता है।
6. सिरका-बेकिंग सोडा मिलाने से कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है, जिससे झाग बनता है।
7. चांदी समय के साथ काली पड़ जाती है, क्योंकि वह हवा में मौजूद सल्फर यौगिकों से अभिक्रिया करती है।
8. बिजली चमकने के बाद गर्जना सुनाई देती है, क्योंकि प्रकाश की गति ध्वनि से अधिक होती है।
9. अंतरिक्ष में कोई आवाज सुनाई नहीं देती, क्योंकि वहाँ ध्वनि के प्रसार के लिए माध्यम नहीं होता।
10. गुरुत्वाकर्षण के कारण सभी वस्तुएँ पृथ्वी की ओर आकर्षित होती हैं। यदि पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण अचानक समाप्त हो जाए, तो हम और वातावरण दोनों अंतरिक्ष की ओर चले जाएँगे।
11. लेजर प्रकाश सामान्य प्रकाश की तुलना में अधिक केंद्रित और शक्तिशाली होता है।
12. माइक्रोवेव ओवन भोजन को बाहर से नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद जल अणुओं को कंपन कर गर्म करता है।
13. सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक पहुँचने में 8 मिनट 20 सेकंड का समय लेता है।
14. मोबाइल फोन की स्क्रीन विशेष प्रकार के रासायनिक रूप से मजबूत काँच से बनाई जाती है।

# विज्ञान के प्रयोग : ध्वनि से नाचता चावल

क्या केवल आवाज से चावल के दाने नाच सकते हैं? सुनने में यह किसी जादू जैसा लगता है, लेकिन इसके पीछे विज्ञान का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत कार्य करता है। ध्वनि वास्तव में ऊर्जा का एक रूप है, जो तरंगों के रूप में एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करती है। जब ये ध्वनि तरंगें किसी वस्तु से टकराती हैं, तो उसमें कंपन उत्पन्न होता है। इसी सिद्धांत को समझने के लिए ध्वनि से नाचता चावल एक सरल, सुरक्षित और रोचक विज्ञान प्रयोग है। यह प्रयोग विद्यालयों की विज्ञान प्रदर्शनी, कक्षा गतिविधियों तथा घर पर विज्ञान सीखने के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## प्रयोग का उद्देश्य

इस प्रयोग का उद्देश्य यह समझना है कि ध्वनि तरंगें कंपन उत्पन्न करती हैं और यह कंपन किसी हल्की वस्तु को गति प्रदान कर सकता है।





## आवश्यक सामग्री

- एक मध्यम आकार का स्टील या प्लास्टिक का कटोरा
- पारदर्शी प्लास्टिक रैप या गुब्बारे का कटा हुआ रबर
- रबर बैंड या टेप
- कुछ चावल के दाने
- ब्लूटूथ स्पीकर या मोबाइल का स्पीकर
- तेज ध्वनि वाला संगीत या बीट्स

## प्रयोग की विधि

सबसे पहले कटोरे के मुंह पर प्लास्टिक रैप को अच्छी तरह तानकर लगाएं, ताकि उसकी सतह बिल्कुल तनी हुई हो। यदि प्लास्टिक रैप उपलब्ध न हो, तो गुब्बारे को काटकर भी उसी प्रकार लगाया जा सकता है। अब प्लास्टिक रैप के ऊपर 15 से 20 चावल के दाने समान दूरी पर रखें। इसके बाद कटोरे को ब्लूटूथ स्पीकर या मोबाइल स्पीकर के बिल्कुल पास रखें। अब तेज संगीत, ड्रम बीट या उच्च आवृत्ति वाली ध्वनि चलाएं।

## क्या होगा?

जैसे ही तेज ध्वनि बजेगी, प्लास्टिक रैप में कंपन उत्पन्न होगा। यह कंपन ऊपर रखे चावल के दानों तक पहुँचेगा और वे उछलने, हिलने या नाचने जैसे दिखाई देंगे। यदि ध्वनि अधिक तीव्र होगी, तो दानों की गति भी अधिक स्पष्ट दिखाई देगी।

## इसके पीछे का वैज्ञानिक सिद्धांत

ध्वनि किसी माध्यम (जैसे वायु) में तरंगों के रूप में यात्रा करती है। जब स्पीकर ध्वनि उत्पन्न करता है, तो उसका डायफ्राम आगे-पीछे कंपन करता है। यह कंपन वायु के अणुओं में संपीड़न और विरलन पैदा करता है। ये ध्वनि तरंगें कटोरे पर तनी हुई प्लास्टिक रैप से टकराकर उसमें कंपन उत्पन्न करती हैं। चूँकि चावल के दाने बहुत हल्के होते हैं, इसलिए वे इस कंपन से ऊपर-नीचे उछलने लगते हैं। यही कारण है कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे चावल नाच रहे हों।

## सावधानियाँ

- बहुत तेज ध्वनि का उपयोग लंबे समय तक न करें।
- प्रयोग करते समय स्पीकर को पानी या नमी से दूर रखें।
- प्लास्टिक रैप तना होना चाहिए, तभी परिणाम स्पष्ट मिलेंगे।
- छोटे बच्चों को यह प्रयोग किसी वयस्क की देखरेख में कराना चाहिए।

# जानिए हमारे खून की अनोखी पहचान का विज्ञान

जब किसी मरीज को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है, तब सबसे पहले उसका रक्त समूह जांचा जाता है। यदि गलत रक्त समूह चढ़ा दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या और कभी-कभी जानलेवा भी हो सकता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि किसी व्यक्ति का रक्त समूह कैसे तय होता है? क्या यह जन्म के बाद बदल सकता है? इसका उत्तर जीव विज्ञान और आनुवंशिकी में छिपा है।




## रक्त समूह क्या होता है?

रक्त समूह लाल रक्त कणिकाओं की सतह पर मौजूद विशेष प्रकार के एंटीजन के आधार पर निर्धारित होता है। एंटीजन ऐसे प्रोटीन या शर्करा युक्त अणु होते हैं, जिन्हें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पहचानती है। इन्हीं की उपस्थिति या अनुपस्थिति के कारण प्रत्येक व्यक्ति का रक्त समूह अलग होता है।

## रक्त समूह प्रणाली

विश्व में सबसे अधिक प्रचलित ए.बी.ओ. रक्त समूह प्रणाली है। इसमें चार प्रमुख रक्त समूह होते हैं-

**1 ए रक्त समूह**- लाल रक्त कणिकाओं पर केवल ए एंटीजन होता है।

**2 बी रक्त समूह**- लाल रक्त कणिकाओं पर केवल बी एंटीजन होता है।

**3 ए.बी. रक्त समूह**- ए और बी दोनों एंटीजन मौजूद होते हैं।

**4 ओ रक्त समूह**- न ए और न ही बी एंटीजन होता है।

इसी आधार पर डॉक्टर यह तय करते हैं कि किस व्यक्ति को कौन-सा रक्त सुरक्षित रूप से चढ़ाया जा सकता है।

## आर.एच फैक्टर क्या है

ए.बी.ओ. रक्त प्रणाली के अलावा रक्त समूह का दूसरा महत्वपूर्ण भाग आर.एच फैक्टर है। यदि लाल रक्त कणिकाओं पर आर.एच एंटीजन मौजूद होता है, तो रक्त समूह पॉजिटिव कहलाता है, और यदि यह अनुपस्थित हो, तो नेगेटिव।

## रक्त समूह कैसे तय होता है?


रक्त समूह जन्म से पहले ही माता-पिता से मिलने वाले जीनों द्वारा निर्धारित हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को एक जीन माता से और एक पिता से प्राप्त होता है। इन दोनों जीनों के संयोजन से बच्चे का रक्त समूह बनता है। इसलिए एक ही परिवार के भाई-बहनों के रक्त समूह अलग-अलग हो सकते हैं।

## रक्त दान और रक्त समूह

रक्तदान करते समय रक्त समूह का मिलान अनिवार्य होता है। सामान्यत: ओ नेगेटिव को सार्वभौमिक रक्तदाता या यूनिवर्सल डोनर माना जाता है, जबकि ए.बी. पॉजिटिव को सार्वभौमिक रक्तग्राही यूनिवर्सल रेसिपिएंट कहा जाता है। फिर भी आधुनिक चिकित्सा में रक्त चढ़ाने से पहले हमेशा क्रॉस-मैचिंग की जाती है ताकि पूरी तरह सुरक्षित रक्त ही दिया जाए।




## शब्द पहेली - 8941




**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल,वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय,वोट-2
9. तकरार,कहासुनी-4
11. अंधकार,अंधेरा-3
12. सरल,आसान-3
13. चील,ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली,क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य,काज-2
23. बाण,तीर-2
24. दबाना,कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा,रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा,विश्वास-3
4. दीदी,भगिनी-3
5. समान,एक जैसा-2
8. अंधेरा,अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब,जलाशय-4
15. तमीज,शिष्टता-3
16. मछली,एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन,विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा,अभिमान-2
23. पार्थिव देह,लाश-2

**शब्द पहेली -8940 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | | गा | य | क | | दी | प |
| ति | | बा | ल | | चा | बी | | व |
| का | ज | ल | | भा | | ना | खू | न |
| | ल | | बा | व | न | | न | |
| स | म | त | ल | | ख | ट | ख | ट |
| | ह | | क | रा | रा | | रा | |
| प | ल | क | | वी | | शा | बा | श |
| र | | ला | ल | | आ | प | | ह |
| ख | त | | ता | जु | ब | | ती | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# 30 लाख की पुलिया बनी, लेकिन सड़क गायब!





## बारिश में जान जोखिम में डालकर गुजर रहे ग्रामीण, विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

विकास कार्यों में लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिटोडी और डोके के बीच लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिया अधूरी छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पुलिया तो बन गई, लेकिन उसके दोनों ओर आवश्यक एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं किए जाने से बारिश के दौरान आवागमन बेहद खतरनाक हो गया है।

स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, दोपहिया चालकों और ग्रामीणों को रोजाना जान जोखिम में डालकर कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने पर विधायक विवेक विक्की पटेल स्वयं संबंधित अधिकारियों, ठेकेदार और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधूरे निर्माण पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई और दोनों ओर एप्रोच सड़क का निर्माण तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि यह पुलिया क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे शासन से स्वीकृत कराकर बनवाया गया। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि अधूरा कार्य जल्द पूरा कराया जाए, अन्यथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वे स्वयं ग्रामीणों के आंदोलन में शामिल होंगे।इस दौरान सब इंजीनियर किरण गजभिए, सरपंच खुमेंद्र मड़ावी, खुपचंद बिसेन, यादौराव बिसेन, राजेश पटले, दुलीचंद पटले, उमेश पटेल, तिशांक पटले, शत्रुघ्न पटले, राजकुमार चौधरी, संदेश बिसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### 15 दिन में काम पूरा नहीं हुआ तो होगा आंदोलन...

ग्राम बिटोडी के पूर्व सरपंच तेजराम नगपुरे ने कहा कि पुलिया निर्माण शुरू होने के समय से ही कार्य में लापरवाही बरती जा रही थी। बारिश से पहले कई बार ठेकेदार को एप्रोच सड़क बनाने के लिए कहा गया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। वर्तमान में हालात ऐसे हैं कि रोज वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग...

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि घटिया और अधूरा निर्माण करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि यदि तय समय में कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा की जाएगी, ताकि भविष्य में जनता के धन से होने वाले विकास कार्यों में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

सूत्रों के अनुसार, उक्त पुलिया निर्माण कार्य का ठेका बालाघाट निवासी अबू खान के पास है और निर्माण कार्य मनमाने ढंग से किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि इस संबंध में ठेकेदार का पक्ष सामने नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की घोषणा तभी सार्थक होगी, जब उनका निर्माण गुणवत्ता और समय-सीमा के साथ पूरा किया जाए। फिलहाल सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन और ठेकेदार 15 दिनों के भीतर अधूरा कार्य पूरा कराते हैं या फिर क्षेत्र में आंदोलन की स्थिति बनती है।



# पटवारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## राजस्व कामकाज ठप, 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 अगस्त से शुरू हुई हड़ताल

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के बैनर तले 03 अगस्त से शुरू प्रदेशव्यापी काम बंद हड़ताल के तीसरे दिन 05 अगस्त से कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पटवारियों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व से जुड़े तमाम कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को कटंगी में पटवारियों ने पटवारी कार्यालय के समक्ष हड़ताल पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, यह आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों के द्वाराकैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति और समयमान, वेतनमान दिए जाने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित किए जाने, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल किए जाने, वित्तीय लंबित भुगतान तुरंत किए जाने और मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने की मांग उठाई है। दरअसल, राजस्व विभाग में पटवारी का ओहदा महज एक कर्मचारी का नहीं बल्कि यह राजस्व की रीढ़ है। इनके हड़ताल पर चले जाने से जमीन से जुड़ा लगभग हर काम परोक्ष रुप से सीधे रूका हुआ है। जनता के आय, जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र के काम तक अटक रहे है। अगर, लंबे समय से पटवारी अपनी हड़ताल पर डटे रहे तो कई अन्य लोगों का जीवन बर्बाद हो सकता है। कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में कुल 60 पटवारी सेवारत है। पटवारियों के लिए विभागीय परीक्षा पिछले 25 वर्षों में सिर्फ एक बार 2018 में हुई है। उसके बाद आज तक परीक्षा आयोजित नहीं हुई। संघ ने मांग की कि विभाग में शामिल विषयों को ही सिलेबस का आधार मानकर शीघ्र परीक्षा कराई जाए। पटवारियों ने आरोप लगाया कि स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आईडी कैंप सहित कई शासकीय कार्यों को उन्होंने अपने खर्च पर पूरा किया है। लेकिन कई जिलों में वर्षों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि लंबित भुगतान नहीं हुआ तो पटवारी आगामी योजनाओं के कार्यों का बहिष्कार करेंगे। वहीं मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है। शासन की स्थानांतरण नीति 2026 के क्रमांक 35 के अनुसार पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट है।

**सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम-** पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि संघ के पदाधिकारियों को बुलाकर 5 सूत्रीय मांगों का निराकरण किया जाए। संघ ने साफ कहा है कि यदि आगामी 7 दिनों में मांगें नहीं मानी गईं तो मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी 15 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय सांकेतिक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# 7 अगस्त से प्रदेशभर में बसों का चक्का जाम!

## बस संचालकों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के बस संचालकों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए 7 अगस्त की रात 12 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, परिवहन सचिव मनीष सिंह, परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के नाम 5 अगस्त दोपहर 3 बजे क़रीब जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंप गया है। बस संचालकों ने आरोप लगाया है कि इंदौर संभाग के 40 मार्गों के राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया निजी बस व्यवसाय को समाप्त करने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने मांग की है कि 7 जुलाई को प्रकाशित राजपत्र को तत्काल वापस लिया जाए। इसके अलावा टेंडर के माध्यम से रॉयल्टी वसूली की प्रस्तावित व्यवस्था को भी निरस्त करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में वर्ष 2021 के बाद से बस किराए में वृद्धि नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए तत्काल किराया बढ़ाने, नवीन बसों के पंजीयन को वैध घोषित करने, 15 वर्ष की आयु सीमा समाप्त करने, अंतरराज्यीय परमिटों का नवीनीकरण, अस्थायी परमिट जारी रखने तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार की मांग की गई है। बस संचालकों ने बताया कि 26 जुलाई को सागर में प्रदेश के 55 जिलों के मोटर मालिकों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था। उनका कहना है कि शासन को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। संचालकों ने स्पष्ट किया है कि यदि 7 अगस्त तक उनकी सातों मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो 7 अगस्त की रात 12 बजे से प्रदेशभर में यात्री बसों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।

# बाघ के हमले की घटनाओं के बाद रेंजर ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी दूर कान्हा नेशनल पार्क की खपा रेंज अंतर्गत पर्रापुर बैगाटोला गांव में बीते दिनों हुई बाघ के हमले की घटना के बाद पूरे जिले में वन विभाग सतर्क हो गया है। झोपड़ी के भीतर सो रही सुगनी बाई धुर्वे पर हमला कर जान ले लेने वाली बाघिन टी-27 को वन विभाग की टीम ने सफल रेस्क्यू कर भोपाल भेज दिया है। लेकिन इससे पहले 31 जुलाई को कटंगी वन परिक्षेत्र के पठार अंचल में बड़पानी से गोरेघाट के बीच बाघ को सड़क पर खुलेआम विचरण करते देखे जाने के बाद ग्रामीणों का डर और बड़ गया है। जिसके चलते 04 अगस्त की दोपहर साड़े 3 बजे वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चड़ार ने ग्राम पंचायत गोरेघाट में पठार अंचल की तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंचों और ग्रामीणों की आपात बैठक बुलाई। बैठक का मकसद था - बाघ के हमलों से बचाव, सतर्कता और वन-मानव संघर्ष को कम करना। पर्रापुर की घटना से पहले ही 31 जुलाई को कटंगी वन परिक्षेत्र के पठार अंचल में बड़पानी से गोरेघाट मार्ग पर एक बाघ को दिन में सड़क पर चलते हुए देखा गया। ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाए और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। बाघ के खुले में आने से किसान, मजदूर और स्कूली बच्चे दहशत में आ गए। कई गांवों में लोग खेत जाना बंद कर चुके हैं।

घटनाओं से सबक लेते हुए 04 अगस्त को वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चड़ार ने गोरेघाट पंचायत भवन में बैठक की। इसमें पठार अंचल के दर्जनों सरपंच, पंच, वन समिति सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में सरपंचों ने साफ कहा कि बाघ दिखाई देने के बाद से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। किसान सुबह-शाम खेतों में जाने से डर रहे हैं। जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। छोटे बच्चे अकेले स्कूल नहीं जा पा रहे। अभिभावक उन्हें छोड़ने जाते हैं। मजदूरी और पशु चराने वाले लोग शाम होते ही घरों में कैद हो गए हैं। सरपंचों ने मांग की कि गांव के आसपास गश्त बड़ाई जाए। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चड़ार ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जंगल से लगे खेतों में आसानी से भोजन और पानी मिलने की वजह से वन्य प्राणी आबादी के पास बसाहट बना लेते हैं। इसे रोकना सबसे जरूरी है।



बैठक में बाघ के हमले से बचाव के लिए तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई और ग्रामीणों से कहा गया कि वह सुबह 5 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद जंगल, खेत या सुनसान रास्तों पर अकेले न जाएं। बच्चों को स्कूल समूह में भेजें। महिलाओं को लकड़ी, पत्ती बीनने अकेले न जाने दें। शराब पीकर जंगल में न जाएं और न ही तेज आवाज में म्यूजिक बजाएं। झोपड़ियों और कच्चे घरों के दरवाजे रात में अंदर से बंद रखें। घर के आसपास कचरा, पशुओं का चारा और पानी खुले में न रखें, इससे बाघ के शिकार जानवर आते हैं।

मवेशियों को रात में पक्के बाड़े में बंद करें। खुले में न बांधें। बाघ या उसके पदचिन्ह दिखे तो तुरंत नजदीकी वन चौकी, वन कर्मी को सूचना दें। खुद उसका पीछा न करें। अधिकारी ने कहा कि बाघ हमारा राष्ट्रीय पशु है। उसे मारना समाधान नहीं है। सह-अस्तित्व के साथ सावधानी ही बचाव है। प्रशासन ने अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई भी वन्य प्राणी दिखे तो तुरंत सूचना दें। सतर्कता ही इस समय सबसे बड़ा बचाव है।

# दिल्ली दरबार पहुँचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. विजय कोल

## नई दिल्ली में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत) ...** नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उमरिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कुमार कोल ने सहभागिता की। बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, वामशी चंद रेड्डी, सांसद एस. शशिकांत सेंथिल, मध्य प्रदेश सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव सहित सभी सह-प्रभारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन में नई ऊर्जा का संचार करने, कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक प्रभावी भूमिका देने तथा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर इंजी. विजय कुमार कोल ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि ऐसा मजबूत और संवेदनशील संगठन तैयार करना है, जो जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहे, उनके मुद्दों को मजबूती से उठाए और सरकार से जवाब मांगने का साहस रखे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में कांग्रेस संगठन गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-बूथ तक और अधिक सशक्त होगा।

## कर्मचारी संघ द्वारा पदोन्नति के संबंध में सौंपा गया ज्ञापन

**उमरिया।** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला उमरिया के द्वारा पदोन्नति संबंधी समस्याओं को लेकर बुधवार दिनांक 5 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन उमरिया कलेक्टर को सौंपा गया। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पाण्डेय द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि पिछले माह से कई विभागों में अधिकांश सभी संवर्गों की पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की गई है व सफलता पूर्वक पदोन्नति आदेश भी जारी हो चुके है,, किंतु कुछ विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है ।

# सड़क हादसे में पलटी कार,मासूम समेत तीन लोग चमत्कारिक रूप से सुरक्षित



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मुख्यालय के व्यस्त पीली कोठी मार्ग पर मंगलवार 4 अगस्त को एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया, जब एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पार करते हुए दूसरी ओर पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और आसपास मौजूद लोगों की सांसें थम गईं लेकिन राहत की बात यह रही कि कार में सवार एक मासूम सहित तीनों लोग पूरी तरह सुरक्षित बच निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 20 एक्सडी 6477 में सवार तीनों लोग पॉलीटेक्निक कॉलेज से उमरिया वापस लौट रहे थे और जैसे ही कार आरसी स्कूल और पीली कोठी के बीच पहुंची,अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया।देखते ही देखते कार तेजी से सड़क पार करते हुए दूसरी ओर पलट गई।हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और तत्काल कार में सवार लोगों की मदद की।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार जिस तरह पलटी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई,उसे देखकर किसी बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही थी।हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।इस घटना को देखकर मौजूद लोगों ने इसे किसी चमत्कार से कम नहीं माना।हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाकर व्यवस्थित रूप से बाहर निकाला गया,जिसके बाद यातायात फिर से सामान्य हो सका।



# दो कारों में भीषण भिड़ंत बाल बाल बचे कार चालक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** पाली थाना अंतर्गत एनएच-43 स्टेशन रोड तिराहा मुदरिया में बुधवार 5 अगस्त की सुबह दो कारें आपस में भिड़ गई। कार चालक बाल बाल बचे। एक वैगनार दूसरी शिफ्ट बैगनार में सवार ओमप्रकाश मिश्रा निवासी मुदरिया उम्र 50 वर्ष अपने छोटे भाई के साथ मुदरिया रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहे थे दूसरी शिफ्ट में इमरान खान साथ में चार लोग जो की अंबिकापुर से दिल्ली जा रहे थे मोड में स्विफ्ट कार चालक की गलती या कुछ और उसने मोड पर ध्यान नहीं दिया और पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे वैगनार के परखच्चे उड़ गए जिसमें कार चालक वेगनर ओम प्रकाश मिश्रा बाल बाल बचे। सूचना 112 को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची दोनों गाड़ियों को अपने गिरफ्त में लेकर दोनों कार्य चालकों को थाने लेजाया गया आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा जारी हैं।

# मानपुर में गांव-गांव तक कौन पहुंचा रहा शराब....विभाग की चुप्पी ने खड़े किए कई सवाल..!

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - नियम स्पष्ट हैं कि शराब की बिक्री केवल लाइसेंसी दुकान से ही की जा सकती है, लेकिन मानपुर क्षेत्र की जमीनी तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। पड़ताल में स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मानपुर के लाइसेंसी शराब ठेकेदार द्वारा कथित रूप से गांव-गांव, मोहल्लों और चौक-चौराहों तक शराब की पैकारी कर खुलेआम बिक्री कराई जा रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कानून इसकी अनुमति नहीं देता, तो यह कथित नेटवर्क आखिर किसके संरक्षण में संचालित हो रहा है? पड़ताल के दौरान कई ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश गांवों में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। उनका कहना है कि नशे की बढ़ती पहुंच के कारण युवा तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। कई परिवारों का आरोप है कि नशे की लत के चलते घरों में विवाद, मारपीट, चोरी, घरेलू कलह और अन्य सामाजिक घटनाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का मानना है कि शराब की आसान उपलब्धता से क्षेत्र का सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कथित अवैध शराब पैकारी पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि यदि गांव-गांव तक शराब पहुंच रही है, तो जिम्मेदार विभाग की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है? शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

स्थानीय नागरिकों का यह भी आरोप है कि आबकारी विभाग की कार्रवाई का अधिकतर असर क्षेत्र के गरीब, मजलूम और आदिवासी परिवारों पर दिखाई देता है। उनका कहना है कि कच्ची शराब के मामलों में इन्हीं लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर विभाग अपनी उपलब्धियां दर्शाता है, जबकि कथित रूप से मानपुर के लाइसेंसी शराब ठेकेदार द्वारा गांव-गांव, मोहल्लों और चौक-चौराहों तक की जा रही अवैध शराब पैकारी पर अपेक्षित सख्ती नजर नहीं आती।



लोगों का सवाल है कि यदि क्षेत्र में खुलेआम शराब पहुंच रही है, तो इस कथित नेटवर्क के जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

एक और गंभीर पहलू यह है कि मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान के आसपास खुलेआम शराब पीते लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे गुजरते हैं। अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे दृश्य बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से यह भी मांग की है कि मुख्य मार्ग पर संचालित शराब दुकान को आबादी और स्कूल मार्ग से हटाकर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। उनका कहना है कि वर्तमान में दुकान मुख्य मार्ग पर होने के कारण प्रतिदिन स्कूली बच्चों का वहां से आना-जाना होता है। दुकान के आसपास खुलेआम शराब पीते लोगों के दृश्य बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। नागरिकों का कहना है कि बच्चों के हित और सार्वजनिक व्यवस्था को देखते हुए शराब दुकान को मुख्य मार्ग से हटाया जाना आवश्यक है।

क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने, कथित अवैध शराब पैकारी की वास्तविकता उजागर करने तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर जवाबदेही तय करने की भी मांग उठाई है। वही सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शराब की बिक्री केवल लाइसेंसी दुकान से ही हो सकती है, तो मानपुर सहित क्षेत्र के गांव-गांव, मोहल्लों और चौक-चौराहों तक शराब आखिर कैसे पहुंच रही है? यदि स्थानीय लोगों के आरोप सही हैं, तो जिम्मेदार आबकारी विभाग अब तक मौन क्यों है? क्या प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाएगा?

# सरकारी कामों में गड़बड़ी करना नवनियुक्त सहायक आयुक्त को पड़ा महंगा, शासन ने मूल विभाग में वापिसी के दिए आदेश

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जनजातीय कार्य विभाग के मंडला कार्यालय में चल रही कथित अनियमितताओं और करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों को लेकर उठ रहे सवालों के बीच राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए प्रभारी सहायक आयुक्त डॉ. अरुण कुमार शुक्ला की सेवाएं तत्काल प्रभाव से उनके मूल विभाग पशुपालन एवं डेयरी विभाग को वापस सौंप दी हैं। बुधवार को मंत्रालय से जारी आदेश के बाद पूरे विभाग में हलचल मच गई। कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों ठेकेदारों और निर्माण शाखा में दिनभर इस आदेश की चर्चा होती रही मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 5 अगस्त 2026 को जारी आदेश के अनुसार डॉ. अरुण कुमार शुक्ला जो प्रतिनियुक्ति पर प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास जिला मंडला के रूप में कार्यरत थे उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके मूल विभाग पशुपालन एवं डेयरी विभाग में वापस भेज दिया गया है उल्लेखनीय है कि डॉ. शुक्ला को वर्ष 2025 में प्रतिनियुक्ति पर जनजातीय कार्य विभाग में लाया गया था हालांकि स्थानांतरण






आदेश में किसी प्रकार का कारण उल्लेखित नहीं है लेकिन हाल के दिनों में सहायक आयुक्त कार्यालय लगातार विवादों के केंद्र में बना हुआ था कार्यालय में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों, बाउंड्रीवाल निर्माण, छात्रावासों में रूप-शेड, मरम्मत एवं उन्नयन कार्यों सहित कई मामलों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे थे इन मामलों को लेकर स्थानीय स्तर पर लगातार चर्चाएं तेज थीं सबसे ज्यादा सवाल जिले के स्कूलों और छात्रावासों में प्रस्तावित लगभग करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल परियोजना को लेकर उठ रहे हैं। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी करते हुए पहले तकनीकी और वित्तीय निविदाएं खोली गई फिर कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया, जबकि नियमानुसार पहले संबंधित सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति टीएस प्राप्त करना आवश्यक था आरोप यह भी है कि भोपाल स्तर से आवश्यक अनुशंसा लिए बिना पूरी प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई और बाद में कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने की कवायद शुरू हुई सूत्रों के अनुसार कई निर्माण कार्यों के एग्रीमेंट भी ऐसे समय में किए गए जब तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुई थीं। आरोप है कि अब संबंधित दस्तावेजों को व्यवस्थित करने और पूर्व तिथि में औपचारिकताएं पूरी कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। निर्माण शाखा को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को बार-बार बड़े निर्माण कार्य दिए जा रहे हैं जबकि उनके पास आवश्यक तकनीकी अमला परीक्षण प्रयोगशाला लैब तथा पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद करोड़ों रुपये के कार्य आदेश जारी किए जाने से पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में नारायणगंज, घुघरी, बीजाडांडी, निवास, मोहगांव, बिछिया, नैनपुर और मंडला विकासखंडों के स्कूलों एवं छात्रावासों में करोड़ों रुपये के निर्माण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत किए गए हैं। वहीं जिले के 111 छात्रावासों में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत एवं उन्नयन कार्य भी संचालित हैं। इन सभी कार्यों के टेंडर, वर्क ऑर्डर, एग्रीमेंट और निर्माण गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं कार्यालय से जुड़े सूत्रों का दावा है कि निर्माण शाखा में कथित रूप से ठेकेदारों का प्रभाव बढ़ गया है और कार्यालय की गोपनीयता भी प्रभावित हो रही है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कार्यालय परिसर में नियमों की अनदेखी हो रही है तथा छात्रावासों और निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी नहीं की जा रही रूप-शेड निर्माण कार्यों में भी गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया को लेकर शिकायतें सामने आई हैं लेकिन अब तक किसी उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन की जानकारी सामने नहीं आई है इधर शिक्षकों के हालिया स्थानांतरणों में भी कथित लेन-देन की चर्चाओं ने विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि इन आरोपों की भी किसी सक्षम जांच एजेंसी द्वारा पुष्टि नहीं हुई है मंत्रालय के आदेश के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन निर्माण कार्यों और टेंडर प्रक्रियाओं को लेकर लगातार आरोप लग रहे थे उनकी जांच होगी या नहीं करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की तकनीकी एवं वित्तीय जांच की मांग भी जोर पकड़ने लगी है यदि आरोपों में तथ्य पाए जाते हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित ठेकेदारों की जवाबदेही तय होना तय माना जा रहा है फिलहाल शासन के आदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मंडला के जनजातीय कार्य विभाग में प्रशासनिक बदलाव शुरू हो चुका है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नए प्रभारी की नियुक्ति कब होती है और क्या विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों एवं टेंडर प्रक्रियाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी या फिर यह मामला भी समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायोचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में दूरस्थ तहसीलों से आए कुल 91 आवेदकों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कीं।

## हर माह मिलेगी तीन हजार पेंशन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है यह योजना छोटे दुकानदारों रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, कृषि मजदूरों, घरेलू कामगारों, निर्माण श्रमिकों सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिक मासिक अंशदान कर 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्राप्त कर सकते हैं श्रमिक द्वारा किए गए अंशदान के बराबर राशि का योगदान भारत सरकार द्वारा भी किया जाता है।

## पागल सांड़ का दिखा आतंक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शहर के भगत सिंह वार्ड में एक पागल सांड़ ने अचानक उत्पात मचाते हुए लोगों में दहशत फैला दी। बेकाबू सांड़ ने राह चलते दो लोगों पर हमला कर दिया जिसमें एक महिला और एक स्कूटी सवार घायल हो गए। घटना के दौरान महिला ने सूझबूझ दिखाते हुए स्कूटी की आड़ लेकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पूरे घटनाक्रम का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांड़ अचानक आक्रामक हो गया और सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को निशाना बनाने लगा।

## अवैध शराब पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली शैयाम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जिले में कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान मंडला वृत्त के ग्राम बड़ी खैरी में रानू गोटिया के कब्जे से 6 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की गई वहीं ग्राम घटिया में मोहन कार्तिकेय के कब्जे से 15 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 4 नग विदेशी मदिरा बरामद की गई।

## आबकारी विभाग ने की शराब जब्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देश एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली शैयाम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने शहर में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया कार्यवाही के दौरान राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पुरवा क्षेत्र में दबिश देकर सुरेश कछवाहा के कब्जे से विक्रय के लिए रखी गई 14 नग देसी एवं विदेशी शराब बरामद कर जब्त की वहीं रामबाग स्थित बिग डैडी रेस्टोरेंट की भी तलाशी ली गई जांच में वहां अवैध मदिरा विक्रय नहीं पाए जाने पर नियमानुसार तलाशी पंचनामा तैयार किया गया इस संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार राकेश कटारया सहित आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## युवा फॉर विकसित कार्यक्रम सम्पन्न



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए प्रस्तावित 100-सप्ताह के राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान की प्रथम कड़ी के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं भाजपा युवा नेता विकास यादव की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया यहां पर धार्मिक संगठनों से गायत्री परिवार एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर लगभग 150 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत संकल्प लेकर नशे से दूर रहने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट का पौधारोपण अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी महाराजपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश छत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा ही नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रिया धुर्वे ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है



कार्यक्रम में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन आयोग जिला संयोजक अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय संस्थान परिवार द्वारा किया गया अंत में डॉ. समीर साहू ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन केवल औपचारिकता नहीं बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्रांच कोऑर्डिनेटर राजेंद्र मेहरा, डॉ. समीर साहू, श्रीमती वर्षा तिवारी, श्रीमती वंदना तिवारी, सुरेंद्र यादव, शीतल उइके, राजकुमारी सल्लम, अमीषा विश्वकर्मा, दुर्गेश राजू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आठ वर्षों से फरार चार वारंटी गिरफ्तार



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में न्यायालय से लंबित स्थायी वारंटों की तामील के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बीजाडांडी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार तलाश-पतासी और प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 8 वर्षों से फरार चल रहे चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए वारंटियों में बबलू मार्को, राजकुमार ठाकुर, दिलीप मरावी एवं यमुना मेहरा शामिल हैं। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया पुलिस के अनुसार थाना बीजाडांडी क्षेत्र में लंबे समय से फरार एवं न्यायालय से लंबित स्थायी वारंटियों की लगातार तलाश की जा रही थी इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता कुड़ापे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुरारीलाल धुर्वे, सहायक उपनिरीक्षक जय पाण्डेय, अक्षय यादव, प्रधान आरक्षक विजय छिरा तथा आरक्षक आशीष पाण्डेय, रमाकांत त्रिपाठी और सौदामिनी लोधी की भूमिका रही।

## तीन प्रमुख मांगों पर अड़े पटवारी, हड़ताल जारी



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आवाहन पर जिले के पटवारी भी तीसरे दिन कलेक्टर मार्ग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा उनकी पांच सूत्रीय मांगों में से दो मांगों पर निर्णय लिया जा चुका है लेकिन तीन प्रमुख मांगें अब भी लंबित हैं। जब तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर मौजूद पटवारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना तथा जॉब प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना शामिल है। इसके अलावा वित्तीय लंबित भुगतानों और नवनियुक्त पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने की भी मांग की जा रही है। पटवारी संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित मांगों को लेकर कई बार शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण प्रदेशभर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं। बता दें हड़ताल के चलते जिले में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व अभिलेखों का संधारण सहित कई राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी शेष प्रमुख मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की तलाश हेतु प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया गया थाना बीजाडांडी में गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं के संबंध में प्राप्त प्रकरणों में लगातार पतासाजी तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से सघन खोजबीन की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय स्तर पर की गई पतासाजी के आधार पर पुलिस टीम ने गुजरात राज्य के सोमनाथ ग्राम टिकरिया तथा डिंडोरी जिले से तीनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया दस्तयाब की गई सभी बालिकाओं को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत उनके विधिक अभिभावकों के सुपुर्द किया गया।

## पुलिस को स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस विभाग के जवानों के लिए आहार पोषण मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्देश्य पुलिस जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक जानकारी एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना था कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे शिविर में डाइटिशियन डॉ. राशि पमनानी ने संतुलित आहार, बेहतर लाइफ स्टाइल, नियमित दिनचर्या योग एवं व्यायाम के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। ब्लॉक मेंटल हेल्थ काउंसलर एवं काउंसलिंग



साइकोलॉजिस्ट सत्यजीत सिंह पटेल ने नशे से दूर रहकर शरीर को स्वस्थ रखने, मानसिक तनाव,कार्य के दबाव और भावनात्मक संतुलन पर चर्चा करते हुए तनाव कम करने के प्रभावी उपाय बताए। वहीं ब्रह्मकुमारी लक्ष्मी दीदी ने राजयोग ध्यान ज्ञान और एकाग्रता के माध्यम से मानसिक शांति एवं स्वस्थ जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में एडीशनल एसपी शिवकुमार वर्मा ने डॉ. राशि पमनानी,सत्यजीत सिंह पटेल एवं लक्ष्मी दीदी का स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस जवानों ने विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## हमारा गांव-हमारा समाधान शिविर ग्राम ओहनी में आयोजित

### कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम ओहनी में शासन की पहल च्हमारा गांव-हमारा समाधानज्ज अभियान के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं एसडीएम आशुतोष महादेव ठाकुर सहित राजस्व विभाग नैनपुर के अधिकारी शिविर में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को कई मामलों का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके शीघ्र निस्तारण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।शिविर में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को प्रदान की गई। इससे ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता मिली। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी और प्रभावी कदम बताया। प्रशासन की गांव स्तर पर सीधी पहुंच एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में कितनी प्रभावशीलता के साथ किया जाता है।

## डबल लॉक गोदाम नैनपुर का निरीक्षण

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** अनुभागीय दण्डाधिकारी नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर द्वारा डबल लॉक गोदाम नैनपुर का निरीक्षण किया गया। जहां गोदाम प्रभारी मरकाम, कृषि विभाग से बघेल, और पी एस बरकडे कृषि विस्तार अधिकारी, कर्मचारी प्रीती चौधरी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान गोदाम में उपलब्ध उर्वरक की आवक, वितरण पंजी एवं स्टॉक का सत्यापन किया गया। साथ ही पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही गोदाम प्रभारी को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए खाद वितरण कार्य सुव्यवस्थित ढंग से करने तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक



निर्देश दिए। सामने ग्राउंड में मुरम, शेड में किसानों के लिए पंखे, पानी व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। और कहा की किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। तकनीकी दिक्कत होने पर किसान हित मे बीच का रास्ता निकाल कर किसान की सहायता करें।

## सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशुतोष ठाकुर ने सिविल अस्पताल नैनपुर का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसूति कक्ष, साफ-सफाई तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल के बीएमओ को निर्देशित किया कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर



जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात भी कही। अस्पताल के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सक्रियता देखने को मिली। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरूवार 06 अगस्त 2026



संपादकीय

## भीतर हंगामा-बाहर ड्रामा

बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बीते दिनों संसद परिसर में जो कुछ भी किया, निश्चित रूप से वह सनातन-विरोधी था। प्रभु श्रीराम का अपमान भी था। मिथ्या, खोखले आरोपों का नाटकीय मंचन भी था। पप्पू यादव संसद भवन को 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय' का प्रतीक भी नहीं दे सकते। साधु-संतों ने अयोध्या के राम मंदिर में चंदा-चढ़ावे की चोरी-डकैती की, ऐसा कोई साक्ष्य, आरोप या जांच-दल का निष्कर्ष नहीं है। संसद भवन कोई नाटक खेलने या स्वांग रचने का मंच नहीं है। वह देश के गणतंत्र का सर्वोच्च, पवित्र, गरिमामय और मर्यादित मंच है। इस मुद्दे पर संसद के भीतर विचारोत्तेजक, आरोपिया बहस की जानी चाहिए और मोदी सरकार-भाजपा को जवाब देने को बाध्य किया जाना चाहिए। पप्पू यादव का साधु-वेश धारण करना और चंदा-चोरी का प्रतीकात्मक अभिनय करना कमोबेश संसद भवन में नहीं किया जाना चाहिए था। पूर्णिया के लाखों लोगों ने उन्हें इसलिए निर्वाचित नहीं किया है। संविधान लागू हुए 76 वर्ष बीत चुके हैं और 18वीं लोकसभा अभी अस्तित्व में है, लेकिन ऐसी अपमानजनक राजनीति का नाटक कभी नहीं देखा गया है। सचमुच प्रभु श्रीराम के मंदिर में यह चोरी-डकैती अत्यंत नीच, घटिया किस्म का भ्रष्टाचार है। बहरहाल इस संदर्भ में जो कार्रवाई की जानी चाहिए थी, वह की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल का इस्तीफा मंजूर हो चुका है और नए महासचिव पदासीन हो रहे हैं। जो चेहरे सवालिया और कलंकित हैं, उनसे पुलिस और जांच-दल ने पूछताछ की है। पप्पू ने ऐसे कुछ जिम्मेदार लोगों को 'चोर' कहा है, जो कानूनन उचित नहीं है। जांच अभी जारी है। सर्वोच्च अदालत तक मामला पहुंच चुका है और अदालत ने एसआईटी की रपट का अभी तक का ब्यौरा मांगा है। कई कलंकित, भ्रष्ट चेहरे अब भी जेल में हैं। यकीनन राम मंदिर के भीतर का यह अपराध एक आस्थावान वर्ग के लिए 'आध्यात्मिक आघात' से कम नहीं है। यदि यह अपराध कुछ कुकर्मी न करते, तो यह मुद्दा ही न बनता, सनातन अपमानित न होता और पप्पू यादव जैसे सांसद संसद भवन में ही नाटक न करते, लेकिन अब यह राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बना दिया गया है। संसद के भीतर हंगामा और बाहर पप्पू यादव के ड्रामे में अयोध्या-फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद, सपा सांसद डिंपल यादव सहित विपक्ष के कई चेहरे सम्मिलित थे। पप्पू नाटक कर रहे थे और चंदे के रुपए अपनी जेब में डाल रहे थे। चंदा चोरी का नाटकीय मंचन किया जा रहा था। उनके सहयोगी सांसदों ने 'प्रतीकात्मक' तौर पर उनकी पिटाई भी की। पप्पू चंदे की पेटी लेकर भागने लगे, तो उनसे वह पेटी छीनने का प्रयास भी किया गया। यकीनन इस नाटक ने कुछ हिंदूवादी संगठनों, साधु-संतों और सांसदों को भी आक्रोशित किया। साधु-संतों ने अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ जैसे शहरों में जुलूस निकाले, पप्पू के स्वांग की भर्त्सना की और प्राथमिकियां दर्ज कराई गईं। इनके नतीजतन पप्पू यादव के सरकारी आवास में घुस कर हमलावरों ने सांसद पर हमला किया। जूते-चप्पल उनकी ओर उछाले और टीवी चैनलों पर एक बड़ा-सा चाकू दिखाया गया। सांसद का कहना था कि हमलावर उन्हें मारने आए थे। आज जनता न होती, तो कुछ भी अनिष्ट हो सकता था। बहरहाल सांसद के समर्थकों ने हमलावर को पकड़ कर खूब धुनाई की। इस संदर्भ में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है, लिहाजा कानूनी कार्रवाई उसी पर छोड़ देनी चाहिए। राम मंदिर के चढ़ावे में जो हेराफेरी हुई है, उसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की इस मामले पर पूरी पहरेदारी है। कुछ कार्रवाई हो चुकी है, जबकि सिस्टम को सुधारने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। आगामी चुनाव से पहले इस मसले को सत्ता विरोधी मुद्दा बनने से रोकने की पहल सरकार जरूर करेगी। सत्ता में रहने के लिए यह जरूरी भी है।

### चुनाव विश्लेषण- उपचुनावों का जनादेश

# क्या बदल रहा है मतदाता का मिजाज?



योगेश कुमार गोयल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार और कई पुस्तकों के लेखक हैं)

लोकतांत्रिक राजनीति में कई बार छोटे चुनाव भी बड़े संदेश दे जाते हैं। विधानसभा उपचुनावों को लंबे समय तक केवल रिक्त सीटों को भरने की औपचारिक प्रक्रिया माना जाता रहा है। सामान्य धारणा यही रही कि जिस राज्य में जिस दल की सरकार होती है, प्रशासनिक बढ़त, संगठनात्मक शक्ति और सत्ता के प्रभाव के कारण वही दल उपचुनाव आसानी से जीत जाता है। इसी कारण उपचुनावों के परिणामों को व्यापक राजनीतिक संकेतक के रूप में कम ही देखा जाता था किंतु पिछले कुछ वर्षों में यह धारणा तेजी से बदली है। अब उपचुनाव केवल एक सीट का फैसला नहीं करते बल्कि जनता के तत्कालीन मनोभाव, सरकार के प्रति संतोष-असंतोष, संगठन की मजबूती, नेतृत्व की स्वीकार्यता और भविष्य की राजनीतिक दिशा के संकेत भी देते हैं। बिहार के बांकीपुर, मध्य प्रदेश के दतिया और गुजरात के मांझलपुर विधानसभा उपचुनावों ने भी यही संदेश दिया है। तीन सीटों में से दो पर भाजपा की हार और केवल एक पर जीत ने राजनीतिक विश्लेषकों को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या ये केवल स्थानीय परिस्थितियों का परिणाम हैं अथवा भाजपा के सामने उभर रही नई राजनीतिक चुनौतियों का प्रारंभिक संकेत? उपचुनाव सत्ता परिवर्तन का जनादेश नहीं होते किंतु वे जनता के बदलते मानस की पहली आहट अवश्य होते हैं और यही कारण है कि इन परिणामों को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है।

सबसे अधिक चर्चा बिहार की बांकीपुर सीट की रही। यह सीट केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं थी बल्कि भाजपा की राजनीतिक प्रतिष्ठा का प्रतीक मानी जाती थी। लगभग तीन दशक से यह भाजपा का अभेद्य दुर्ग रहा। पहले भाजपाध्यक्ष नितिन नवीन के पिता और बाद में स्वयं नितिन नवीन लगातार यहां विजय प्राप्त करते रहे। नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद यह सीट रिक्त हुई और भाजपा को अटूट विश्वास था कि उसका यह गढ़ सुरक्षित रहेगा किंतु जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने न केवल भाजपा का यह किला ध्वस्त कर दिया बल्कि बिहार की राजनीति में नए विकल्प की संभावनाओं को भी मजबूत कर दिया। यह परिणाम केवल भाजपा की हार नहीं बल्कि उसकी रणनीतिक चूक का भी परिणाम माना जा रहा है।



उम्मीदवार चयन में अंतिम समय तक बना भ्रम, स्थानीय कार्यकर्ताओं की असंतुष्टि और अत्यधिक आत्मविश्वास ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। लंबे समय तक किसी सीट पर लगातार जीत कभी-कभी संगठन में आत्मसंतोष पैदा कर देती है। यही स्थिति बांकीपुर में दिखाई दी। भाजपा ने शायद मान लिया था कि उसका पारंपरिक वोट बैंक और संगठनात्मक नेटवर्क किसी भी परिस्थिति में जीत सुनिश्चित कर देगा जबकि मतदाता पहले की तुलना में अधिक सजग और स्वतंत्र निर्णय लेने वाला बन चुका है। बांकीपुर का परिणाम प्रशांत किशोर के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चुनावी रणनीतिकार के रूप में अनेक दलों को सफलता दिलाने वाले प्रशांत किशोर पहली बार स्वयं चुनावी परीक्षा में उतरे और सफल हुए। हालांकि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी पूरी तरह विफल रही थी किंतु इस विजय ने सिद्ध कर दिया कि यदि कोई दल लगातार जनता के बीच बना रहे और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाए तो वह स्थापित राजनीतिक समीकरणों को चुनौती दे सकता है। यह जीत बिहार में तीसरे राजनीतिक विकल्प की संभावनाओं को भी बल देती है।

दूसरी ओर मध्य प्रदेश की दतिया सीट भाजपा के लिए और अधिक चिंता का विषय है। भाजपा की यह हार केवल विपक्ष की सफलता नहीं बल्कि भाजपा संगठन के भीतर असंतोष की अभिव्यक्ति भी मानी जा रही है। पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटे जाने के बाद उनके समर्थकों की नाराजगी चुनाव अभियान के दौरान लगातार चर्चा में रही। चुनावी राजनीति में उम्मीदवार केवल पार्टी का प्रतिनिधि नहीं होता बल्कि स्थानीय संगठन की भावनाओं का केंद्र भी होता है। जब कार्यकर्ता स्वयं उत्साहहीन हो जाएं या भीतरघात की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो मजबूत संगठन भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाता। दतिया का परिणाम इसी सत्य की पुष्टि करता है। मध्य प्रदेश भाजपा लंबे समय तक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अत्यंत मजबूत संगठनात्मक ढांचे के लिए जानी जाती रही। संगठन, सरकार और जनता के बीच संवाद की जो परंपरा विकसित हुई थी, नेतृत्व परिवर्तन के बाद उसे उसी प्रभावशीलता से बनाए रखना नई सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। उपचुनावों ने संकेत दिया है कि केवल सत्ता में होना पर्याप्त नहीं, संगठन की एकजुटता और स्थानीय नेतृत्व की स्वीकार्यता भी उतनी ही आवश्यक है। गुजरात के मांझलपुर में भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी संगठनात्मक क्षमता का प्रदर्शन अवश्य किया किंतु मतों के अंतर में आया परिवर्तन संकेत देता है कि वहां भी विपक्ष धीरे-धीरे अपनी जमीन मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। यद्यपि गुजरात में भाजपा की स्थिति अभी भी सुदृढ़ है, फिर भी चुनावी आंकड़े बताते हैं कि किसी भी राजनीतिक दल के लिए आत्मसंतोष उचित नहीं हो सकता। इन उपचुनावों की चर्चा का एक महत्वपूर्ण पक्ष 'जेन-जी आंदोलन' भी रहा। चुनाव 30 जुलाई को ऐसे समय हुए, जब प्रतियोगी परीक्षा, पेपर लीक, रोजगार, अवसरों की कमी, प्रशासनिक जवाबदेही इत्यादि युवाओं से जुड़े मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में थे। निश्चित रूप से यह कहना कठिन होगा कि केवल इसी आंदोलन ने चुनाव परिणामों को प्रभावित किया क्योंकि प्रत्येक उपचुनाव में स्थानीय समीकरण, उम्मीदवार की लोकप्रियता और संगठनात्मक स्थिति कहीं अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि युवाओं के बीच बढ़ती असंतुष्टि का व्यापक राजनीतिक वातावरण पर प्रभाव पड़ता है। यदि युवा मतदाता किसी सरकार के प्रति निराशा महसूस करता है तो उसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव चुनावी व्यवहार पर भी दिखाई दे सकता है। आज का मतदाता (विशेषकर युवा वर्ग) केवल जातीय या पारंपरिक राजनीतिक पहचान के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, रोजगार, शिक्षा, भ्रष्टाचार, पारदर्शिता, सुशासन, अवसरों की समानता और प्रशासनिक उत्तरदायित्व जैसे मुद्दे उसकी प्राथमिकता बनते जा रहे हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार ने भी मतदाता को पहले से अधिक जागरूक बनाया है। अब सरकारों के लिए केवल विकास के दावे पर्याप्त नहीं, उनके ठोस परिणाम भी दिखाई देने चाहिएं।

भाजपा के लिए इन परिणामों से सबसे बड़ा सबक उम्मीदवार चयन को लेकर है। पिछले कुछ वर्षों में कई राज्यों में देखा गया है कि टिकट वितरण को लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष उत्पन्न हुआ है। संगठन की राय, कार्यकर्ताओं की भावनाओं और स्थानीय लोकप्रियता की उपेक्षा कभी-कभी चुनावी नुकसान का कारण बन जाती है। यदि पार्टी समय रहते इस पहलू पर गंभीरता से विचार नहीं करती तो भविष्य के बड़े चुनावों में भी ऐसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। भाजपा को यह भी समझना होगा कि कोई भी राजनीतिक गढ़ स्थायी नहीं होता। लोकतंत्र में जनता समय-समय पर अपने निर्णय बदलती है और वही दल लंबे समय तक सफल रहता है, जो निरंतर आत्म-मूल्यांकन करता रहे। उपचुनावों ने भाजपा को यही संदेश दिया है कि संगठन की मजबूती, नेतृत्व की विश्वसनीयता और जनता के साथ सतत संवाद बनाए रखना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। हालांकि इन परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि राष्ट्रीय राजनीति का समीकरण पूरी तरह बदल रहा है। तीन विधानसभा सीटों के परिणाम किसी सरकार की लोकप्रियता का अंतिम पैमाना नहीं हो सकते, फिर भी लोकतंत्र में छोटे संकेतों की उपेक्षा करना भी राजनीतिक दृष्टि से उचित नहीं माना जाता क्योंकि यही छोटे संकेत आगे चलकर बड़े राजनीतिक परिवर्तनों की भूमिका तैयार करते हैं।

विपक्ष के लिए ये परिणाम आशा का संदेश हैं किंतु यह आशा तभी सार्थक होगी, जब वह केवल सत्ता विरोधी वातावरण पर निर्भर रहने के बजाय विश्वसनीय नेतृत्व, स्पष्ट वैकल्पिक नीति और मजबूत संगठन प्रस्तुत कर सके। वहीं जन सुराज जैसे नए राजनीतिक दलों के लिए यह अवसर भी है और परीक्षा भी। एक सीट की सफलता को व्यापक जनविश्वास में बदलना कहीं अधिक कठिन कार्य होगा। इन उपचुनावों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि मतदाता पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक, अधिक अपेक्षाकारी और अधिक स्वतंत्र निर्णय लेने वाला हो चुका है। अब चुनाव केवल संगठनात्मक शक्ति या पुराने राजनीतिक समीकरणों से नहीं जीते जा सकते। जनता नेतृत्व की विश्वसनीयता, उम्मीदवार की स्वीकार्यता, स्थानीय मुद्दों के समाधान और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि को भी उतना ही महत्व देती है। लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति अंततः जनता ही होती है और जनता समय-समय पर छोटे चुनावों के माध्यम से भी बड़े संदेश देना कभी नहीं भूलती।

## भावनाओं का अवसरवादी आहतपन

निर्मल रानी

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे में कथित हेराफेरी के मुद्दे को उठाने के मक़सद से गत 31 जुलाई को पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने संसद परिसर में साधू के वेश में एक प्रतीकात्मक नाटक किया था। इस दौरान विपक्ष के भी कई नेता वहां मौजूद रहे। इसी प्रदर्शन में राहुल गांधी ने प्रतीकात्मक रूप से दानपात्र में पैसे डालने का प्रयास किया। इसके बाद पप्पू यादव ने दानपेटी लेकर भागने का नाटक किया और समाजवादी पार्टी के अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने उन्हें पकड़ने का अभिनय किया। इस नाट्य मंचन रुपी प्रदर्शन के बाद भाजपा,विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल, व इसके समर्थक संत समाज ने इसे सनातन धर्म और साधु-संतों की छवि का अपमान बताया। सत्ता समर्थक कई संतों ने भी आरोप लगाया कि पप्पू यादव द्वारा संसद में इस प्रकार भगवा वस्त्र और साधू का रूप धारण कर व इसका नाट्य मंचन कर साधु वेश का मज़ाक उड़ाया गया है, जिससे सनातन धर्म और संतों की आस्था को ठेस पहुंची है। लिहाज़ा इस मामले के विरोध में भाजपा नेताओं और धार्मिक संगठनों ने क़ानूनी क़दम उठाए। दिल्ली, वाराणसी, हरिद्वार, प्रयागराज, मथुरा, नागपुर, जम्मू सहित देश के अन्य कई शहरों में पप्पू यादव, राहुल गांधी और सपा सांसद अवधेश प्रसाद के ख़िलाफ़ धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर कहीं पुलिस में शिकायतें व एफ़ आईआर दर्ज की गईं तो कहीं विरोध प्रदर्शन किये गये। कई मठों, मंदिरों और अखाड़ों ने पप्पू यादव के प्रवेश पर रोक लगाने और संसद से उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की। लोकसभा स्पीकर ने भी इसतरह का प्रदर्शन करने पर नाराज़गी जताई और इसे संसदीय गरिमा के विरुद्ध बताया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर तो विभिन्न हिंदू संगठनों और अनेक साधु-संतों ने एकत्रित होकर सद्बुद्धि हवन और धार्मिक अनुष्ठान किया। इसके अलावा दिल्ली में पप्पू यादव और उनकी पत्नी रंजीत रंजन के आधिकारिक आवास के बाहर हिंदू संगठनों ने ज़ोरदार नारेबाज़ी की और उनका सामाजिक व धार्मिक बहिष्कार करने की मांग की। इसी बीच सांसद पप्पू यादव के दिल्ली स्थित आवास पर उन पर हमले की कोशिश हुई है, जहाँ गत 2 अगस्त को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो युवकों ने पप्पू यादव पर चप्पल फेंकी और कथित तौर पर उनपर चाक़ू से हमला करने का प्रयास किया। हालांकि घटनास्थल पर मौजूद सांसद समर्थकों ने दो आरोपियों को तुरंत पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इन हमलावर आरोपियों का भी यही कहना था पप्पू यादव द्वारा सनातन धर्म, साधु-संतों और भगवा वस्त्रों का कथित तौर पर अपमान किया गया है और वे इसी पर आपत्ति जताने वहां गये थे। उधर पप्पू यादव ने भी दावा किया है कि उन्हें लगातार जान से मारने और ज़िंदा जलाने की धमकियां मिल रही हैं, लेकिन वे इससे डरने वाले नहीं हैं। सांसद उदित राज व शिवसेना सांसद संजय राउत जैसे अनेक नेताओं ने पप्पू यादव से मिलकर उनके प्रति समर्थन भी व्यक्त किया है। इन नेताओं ने पप्पू यादव पर हुये हमले को कायराना क़रार देते हुए कहा कि पप्पू यादव ने राम मंदिर के चंदे में हुई कथित हेराफेरी का मुद्दा उठाकर कुछ भी ग़लत नहीं किया। इन नेताओं ने प्रदर्शन का पुरज़ोर समर्थन किया था। इन नेताओं ने कहा कि भगवा रंग किसी पार्टी के नाम रजिस्टर्ड नहीं है और पप्पू यादव ने चंदा चोरी की झांकी दिखाकर सही सवाल उठाए हैं।

परन्तु समय समय पर लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने को लेकर देश में यह सवाल भी पूछा जाने लगा है कि जब सत्ताधारी नेताओं द्वारा न केवल साधु वेशभूषा का बल्कि सीधे देवी देवताओं तक का मज़ाक़ उड़ाया जाता है, उन्हें अपमानित किया जाता है उस समय आख़िर इन लोगों की भावनायें कहाँ चली जाती हैं ? याद कीजिये जब गत 4 जुलाई को भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर आए थे उस समय एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय तक एक रोड शो आयोजित किया गया था। इस रोड शो के दौरान एक कलाकार भगवान हनुमान का वेश-रूप धारण किए अपने हाथ में भाजपा का झंडा लेकर नितिन नवीन के क़ाफ़िले के ठीक आगे नाच रहा था। इस दौरान नितिन नवीन सहित अनेक नेता हनुमान का नृत्य देख रथ के ऊपर खड़े होकर मुस्कुराते नज़र आ रहे थे। तो क्या भाजपा के राजनीतिक रोड शो के लिए भगवान के स्वरूप का इस्तेमाल करना, भगवान हनुमान के स्वरूप को अपने स्वागत में सड़कों पर नचाना, क्या यह कृत्य हिंदू भावनाओं का अनादर करने वाला कृत्य नहीं था? क्या यह राजनीति के लिए भगवान के स्वरूप का दुरुपयोग नहीं था?

इसी तरह जनवरी 2026 में अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव के दौरान साबरमती रिवर फ्रंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भी शामिल हुए थे। दोनों नेताओं ने वहां पतंग उड़ाई थी। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मन चांसलर ने जिस विशेष पतंग को हवा में उड़ाया था, उस पर भगवान हनुमान की तस्वीर बनी हुई थी। क्या करोड़ों हिंदुओं के आराध्य देव भगवान हनुमान की तस्वीर को पतंग बनाकर हवा में उड़ाना देवताओं का मज़ाक उड़ाना नहीं है? उस समय इन्हीं हिंदू संगठनों की भावनाएं आहत क्यों नहीं हुई थीं? क्या पप्पू यादव के साधू बनने पर आक्रोशित होने वालों ने उस समय यह सवाल उठाया था कि हमारे आराध्य देव भगवान गणेश को आरएसएस का साधारण कार्यकर्ता या स्वयंसेवक बनाकर पंडालों में क्यों नचाया और खड़ा किया गया? क्या यह भगवान का अपमान और राजनीति के लिए उनका दुरुपयोग नहीं है? उस समय किसी भी हिंदू संगठन या संत समाज की भावनाएं आहत क्यों नहीं हुई थीं ?

इसके अलावा भी हज़ारों ऐसे उदाहरण हैं जिसमें भगवानों देवी देवताओं व संतों की वेश भूषा अपमानित होती नज़र आती है तथा धार्मिक भावनाएं भी आहत होती हैं। ऐसे में धार्मिक भावनाओं का आहत होना भी स्वाभाविक तो ज़रूर है परन्तु भावनाओं का अवसरवादी आहतपन समझ से परे है।

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है।

शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है। मन में जब सद्विचार भरे रहेंगे तो कुविचार भी कोई दूसरा रास्ता टटोलेंगे। रोटी और पानी जिस प्रकार शरीर की सुरक्षा और परिपुष्टि के लिए आवश्यक हैं उसी प्रकार आत्मिक स्थिरता और प्रगति के लिए सद्विचारों, सद्भावों की प्रचुर मात्रा उपलब्ध होनी ही चाहिए। युग निर्माण के लिए, आत्म निर्माण के लिए वह प्रधान साधन है। संकल्प की, मन की शुद्धि के लिए इसे ही दवा माना गया है।

## ई-20 के बहाने राजनीतिक टकराव : प्रधानमंत्री आवास मार्च, विरोध की राजनीति और चुनावी माहौल में बढ़ती सियासी गर्माहट

कांतिलाल मांडोत

दिल्ली की राजनीति एक बार फिर उस समय गरमा गई जब आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ई-20 ईंधन नीति के विरोध में प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकालने का प्रयास किया। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों और लागू प्रतिबंधों का हवाला देते हुए उन्हें फिरोजशाह रोड पर रोक दिया। इसके बाद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, जैस्मिन शाह और अन्य नेताओं ने वहीं धरना शुरू कर दिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि उसने देशभर से दो लाख से अधिक लोगों की ओर से लिखी गई चिट्ठियां और याचिकाएं प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास किया, जबकि पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। बाद में पार्टी नेताओं ने दावा किया कि ये ज्ञापन पुलिस अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय तक भेज दिए गए। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि ई-20 नीति आम उपभोक्ताओं और वाहन मालिकों के हित में नहीं है। पार्टी का कहना है कि इस ईंधन के व्यापक उपयोग से लाखों वाहनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और सरकार को लोगों के लिए सामान्य पेट्रोल तथा ई-20 दोनों विकल्प उपलब्ध कराने चाहिए। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार बाहरी दबाव में निर्णय ले रही है। हालांकि सरकार की ओर से पहले भी यह कहा जाता रहा है कि एथेनॉल मिश्रित ईंधन का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाने में सहायता करना है। इस प्रकार दोनों पक्ष इस मुद्दे को अलग-अलग दृष्टिकोण से प्रस्तुत कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष प्रदर्शन की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था है। प्रधानमंत्री आवास के आसपास का क्षेत्र उच्च सुरक्षा वाला माना जाता है, जहां बिना अनुमति किसी प्रकार के प्रदर्शन या जुलूस की इजाजत सामान्यतः नहीं दी जाती। वहां भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रतिबंध लागू रहते हैं। ऐसे में पुलिस द्वारा मार्च को रोकना सुरक्षा प्रोटोकॉल का हिस्सा बताया गया। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी का कहना है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने का अधिकार सभी को है और शांतिपूर्ण विरोध को इस प्रकार रोका जाना उचित नहीं है। यही विरोधाभास भारतीय लोकतंत्र में अक्सर देखने को मिलता है, जहां सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती बनी रहती है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो इस प्रदर्शन का समय भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। देश के कई राज्यों में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और सभी प्रमुख राजनीतिक दल जनता के मुद्दों को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब से बाहर अपने राजनीतिक विस्तार की कोशिश कर रही है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर मुखर होकर वह स्वयं को विपक्ष की प्रमुख आवाज के रूप में स्थापित करना चाहती है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि यह प्रदर्शन जनहित से अधिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है और इसका मकसद चुनावी माहौल में सुर्खियां बटोरना है। भाजपा नेताओं ने इसे अराजक राजनीति करार देते हुए कहा कि बिना अनुमति प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च निकालना केवल टकराव पैदा करने की कोशिश है। यह भी उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी लगातार विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति अपनाती रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी और अब ई-20 नीति जैसे विषयों को लेकर पार्टी आंदोलन करती रही है। वहीं भाजपा का कहना है कि विपक्ष अपनी राज्य सरकारों की चुनौतियों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे आंदोलन करता है। पंजाब में कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर भाजपा लगातार आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोलती रही है। विपक्षी दलों के बीच यह आरोप-प्रत्यारोप भारतीय राजनीति का सामान्य हिस्सा बन चुका है। इस पूरे घटनाक्रम में सोशल मीडिया और नए राजनीतिक समूहों की सक्रियता भी चर्चा का विषय बनी हुई है। हाल के समय में कुछ नए संगठन और अभियान सोशल मीडिया के माध्यम से तेजी से लोकप्रिय होने का प्रयास कर रहे हैं। विभिन्न दल एक-दूसरे पर ऐसे अभियानों को समर्थन देने या उनसे प्रेरित होने के आरोप भी लगाते रहे हैं। हालांकि ऐसे दावों के संबंध में ठोस प्रमाण सामने आने पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित होगा। लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक संगठन या अभियान का मूल्यांकन उसके विचारों, कार्यों और कानूनी स्थिति के आधार पर किया जाना चाहिए।



ई-20 नीति स्वयं भी एक ऐसा विषय है जिस पर वैज्ञानिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यदि कुछ वाहन मालिकों को तकनीकी या आर्थिक चिंताएं हैं तो सरकार, विशेषज्ञों और वाहन निर्माताओं के बीच संवाद होना चाहिए। इसी प्रकार यदि सरकार इस नीति को देश के दीर्घकालिक हित में मानती है तो उसे पारदर्शिता के साथ उसके लाभ, संभावित चुनौतियों और समाधान के बारे में जनता को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। किसी भी सार्वजनिक नीति की सफलता केवल सरकारी निर्णय से नहीं बल्कि जनता के विश्वास और सहभागिता से तय होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रदर्शन एक संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उसके साथ कानून और सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन भी उतना ही आवश्यक है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी केवल विरोध करना नहीं बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। दूसरी ओर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता की चिंताओं को गंभीरता से सुने और संवाद का रास्ता खुला रखे। जब संवाद की जगह टकराव बढ़ता है तो राजनीतिक ध्रुवीकरण और अविश्वास भी बढ़ता है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ई-20 नीति को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच संवाद स्थापित होता है या यह मुद्दा चुनावी राजनीति का प्रमुख विषय बन जाता है। यदि इस विषय पर तथ्य, वैज्ञानिक अध्ययन और सार्वजनिक हित को केंद्र में रखकर चर्चा होती है तो इसका लाभ देश और नागरिकों दोनों को मिलेगा। लेकिन यदि यह केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाता है, तो मूल मुद्दा पीछे छूट जाएगा। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि सरकार और विपक्ष दोनों जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए संवाद, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाएं।

### खेद प्रकाश

दैनिक स्वतंत्र मत के 5 अगस्त 2026 के अंक में 'मुंबई इन्वेस्टर्स मीट से ग्वालियर...' शीर्षक से प्रकाशित समाचार में त्रुटिवश केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम की जगह माधवराव सिंधिया छप गया है। इसका हमें खेद है।

– संपादक

# मिडिल ईस्ट में महायुद्ध की आहट: ईरान ने कुवैत में अमेरिकी सेना पर किए ड्रोन हमले

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की अंतिम चेतावनी के अगले ही दिन मंगलवार को ईरान ने कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर तनाव और बढ़ा दिया। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने तीन ड्रोन से अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। वहीं, कुवैत और इराक के बसरा प्रांत में भी जोरदार धमाकों की खबरें सामने आई हैं।

ईरानी मीडिया ने भी कुवैत में विस्फोटों की पुष्टि की है। उधर, ओमान के समुद्री क्षेत्र में एक व्यापारिक जहाज पर हमले की सूचना ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूकेएमटीओ ने दी है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन को लेकर ओमान और ईरान के बीच समझौते की घोषणा जल्द हो सकती है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी इसकी उम्मीद जताई है। इन घटनाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही। मंगलवार को ब्रेंट क्रूड करीब पांच प्रतिशत टूटकर 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया।

बता दें कि हमलों से एक दिन पहले ट्रंप ने अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि ईरान के साथ नए दौर की बातचीत चल रही है और किसी समझौते तक पहुंचने का यह आखिरी अवसर है।

उन्होंने यह भी कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नौसेना की मजबूत मौजूदगी है और उसकी मंजूरी के बिना कोई जहाज वहां से नहीं गुजर सकता। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया था कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



के अनुरोध पर अमेरिका ने फिलहाल नए सैन्य हमले रोक रखे हैं, ताकि कूटनीतिक समाधान की संभावना बनी रहे। उन्होंने कहा था कि बातचीत के पहले चरण में होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने और अगले चरण में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा होगी।

हालांकि, ईरान ने ट्रंप के दावों को सिरे से नकार दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि तेहरान अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी वार्ता में शामिल नहीं है और इस तरह की खबरें निराधार हैं।

एपी के अनुसार, कतर ने बताया कि पाकिस्तान और ओमान की मध्यस्थता से गतिरोध खत्म करने की कोशिशें जारी हैं। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावों के आदान-प्रदान और संवाद को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने उम्मीद जताई कि होर्मुज स्ट्रेट को सामान्य रूप से खोलने को लेकर बुधवार तक किसी समझौते की दिशा में प्रगति हो सकती है।

### होर्मुज पर ईरान की नई शर्त

रॉयटर की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के संचालन को लेकर एक अस्थायी व्यवस्था पर बातचीत चल रही है। तेहरान चाहता है कि स्ट्रेट में प्रवेश करने वाले जहाजों पर उसका नियंत्रण हो, जबकि बाहर निकलने वाले जहाजों की निगरानी का अधिकार भी उसे मिले। हालांकि, ईरान ने पहले की तुलना में अपने रुख में कुछ नरमी दिखाई है और दोनों दिशाओं के यातायात पर पूर्ण नियंत्रण की मांग से पीछे हटा है।

### रूबियो बोले- परमाणु समझौता प्राथमिकता

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका की सबसे बड़ी प्राथमिकता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही जारी है, लेकिन अमेरिका ऐसा समझौता चाहता है जिससे अधिक जहाज सुरक्षित तरीके से इस मार्ग का उपयोग कर सकें। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि ओमान के माध्यम से जारी कूटनीतिक प्रयासों में अमेरिका भी शामिल है।

यूक्रेन ने मानी गलती, ईरान ने टाले हमले ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार मोहसिन रेजाई ने दावा किया कि कैस्पियन सागर में ईरानी जहाज पर हमले के बाद तेहरान यूक्रेन पर जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार था।

लेकिन यूक्रेन द्वारा गलती स्वीकार करने के बाद प्रस्तावित हमला फिलहाल टाल दिया गया। रेजाई ने कहा कि इस घटना की क्षतिपूर्ति ईरान हर हाल में सुनिश्चित करेगा। हूती का सऊदी अरब पर ड्रोन हमलाइस बीच, ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने सऊदी अरब के कई ठिकानों, जिनमें नाजरान हवाई अड्डा भी शामिल है, पर ड्रोन हमले किए हैं। एएनआई के अनुसार, हूती प्रवक्ता याहया सारी ने कहा कि यह कार्रवाई यमन के सादा और हज्जाह प्रांतों में कथित हवाई उल्लंघनों के जवाब में की गई।

# पाकिस्तान में ये क्या हो रहा है?

## इस्लामाबाद, लाहौर और कराची से बाहर जाने के लिए एनओसी जरूरी, पत्रकारों पर लगी पाबंदी

इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने विदेशी मीडिया कर्मियों पर नई पाबंदियां लगाई हैं। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय समाचार संगठनों के लिए काम करने वाले पत्रकारों को रिपोर्टिंग के काम से इस्लामाबाद, लाहौर और कराची से बाहर जाने से पहले नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना होगा। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी नई गाइडलाइंस में देश में काम करने वाले विदेशी मीडिया संगठनों और पत्रकारों के रजिस्ट्रेशन, मान्यता और आवाजाही के लिए एक विस्तृत ढांचा तैयार किया गया है।

### क्या हैं नए नियम?

नियमों के मुताबिक, इस्लामाबाद, लाहौर और कराची के अंदर यात्रा करने पर पत्रकारों को एनओसी लेने की जरूरत नहीं है। एबटाबाद और मरी की निजी यात्रा के लिए वे मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी विंग के जरिए एनओसी के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीद है कि तीन कामकाजी दिनों के भीतर मंजूरी मिल जाएगी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा, विदेश में रहने वाले, विदेशी मीडिया के लिए काम करने वाले और रजिस्ट्रेशन चाहने वाले सभी पाकिस्तानी पत्रकारों को ईपी विंग पोर्टल के जरिए अपना आवेदन जमा करना होगा। साथ ही उन्हें पाकिस्तान के मिशन, वाणिज्य दूतावास, उच्चायोग या दूतावास में तैनात सबसे करीबी प्रेस अताशे, काउंसलर या मंत्री के जरिए भी अपना मामला आगे बढ़ाना होगा।

### कंपनियों और संस्थाओं को भी दी गई चेतावनी

इसके अलावा, इन गाइडलाइंस के तहत पाकिस्तान में काम करने वाली सभी कंपनियों, संस्थाओं, प्रोडक्शन हाउस और दूसरे संगठनों के लिए यह जरूरी है कि वे विदेशी मीडिया को किसी भी तरह से मदद



देने पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पब्लिसिटी विंग के पास रजिस्ट्रेशन कराएं।

रजिस्ट्रेशन की यह शर्त पाकिस्तान में रहने वाले उन लोगों पर भी लागू होती है जो पत्रकार नहीं हैं, लेकिन विदेशी मीडिया संगठनों को अपनी सेवाएं देते हैं। ये नए नियम सभी इंटरनेशनल मीडिया संगठनों पर लागू होते हैं, जिनमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल आउटलेट के साथ-साथ वेब-बेस्ड प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया संगठन भी शामिल हैं।

नियमों के तहत पाकिस्तान में विदेशी मीडिया को सेवाएं देने वाले प्रोडक्शन हाउस, कंपनियों, फ्रीलांसरों, फिक्सरों और गैर-पत्रकारों को भी मंत्रालय के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह साफ किया गया है कि रजिस्ट्रेशन का मकसद सिर्फ पेशेवर पहचान देना है और इससे कोई आधिकारिक दर्जा नहीं मिलता। गाइडलाइंस में कहा गया है, ईपी विंग से पहले से मान्यता प्राप्त या रजिस्टर्ड सभी विदेशी/अंतरराष्ट्रीय मीडिया कर्मियों को किसी दूसरे शहर (इस्लामाबाद, लाहौर और कराची को छोड़कर) जाने के लिए ईपी विंग से अनिवार्य एनओसी लेना होगा अगर वे अपने आधिकारिक इस्तेमाल के लिए कोई न्यूज कंटेंट, स्टोरी, वीडियो, फिल्म, डॉक्यूमेंट्री या सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने जा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, प्रेस एक्रेडिटेशन कार्ड चाहने वाले पत्रकारों को जरूरी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन करना होगा।

### गाइडलाइंस में एक्रेडिटेशन की दो कैटेगरी

स्थायी एक्रेडिटेशन, जो सालाना जारी किया जाता है और आने वाले पत्रकारों के लिए अस्थायी एक्रेडिटेशन, जो तीन महीने तक मान्य होता है। एक बार जब एक्सटर्नल पब्लिसिटी विंग एक्रेडिटेशन कार्ड जारी कर देगा तो इससे पत्रकारों को आधिकारिक मीडिया इवेंट्स और सरकारी परिसरों तक पहुंचने में आसानी होगी।

# यूक्रेन में सब्जी बेचने वाले पर रूस ने किया ड्रोन से हमला, जेलेंस्की ने वीडियो शेयर कर कहा- ये युद्ध अपराध है

कीव

यूक्रेन ने मंगलवार को रूस पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया। यह आरोप तब लगाया गया जब एक वीडियो सामने आया जिसमें दक्षिणी शहर खेरसॉन में एक रूसी ड्रोन एक सब्जी बेचने वाले का पीछा करते और उस पर हमला करते हुए दिखाई दिया, जिससे वह नागरिक घायल हो गया। वीडियो फुटेज में एक ड्रोन को सड़क किनारे सब्जी की दुकान के तौर पर इस्तेमाल हो रही वैन के आस-पास एक आदमी का पीछा करते हुए दिखाया गया है। जैसे ही वह आदमी बचाव के लिए गाड़ी के पीछे छिपता है, ड्रोन में धमाका हो जाता है।पुलिस ने बताया कि 50 साल के आसपास की उम्र का यह व्यक्ति हमले में बच तो गया लेकिन उसे छर्रे लगने से चोटें आईं और वह सदमे में है। बाद में यूक्रेनी अधिकारियों ने पीड़ित की पहचान 52 वर्षीय यूरी के तौर पर की और अस्पताल से उनका एक वीडियो इंटरव्यू जारी किया। खेरसॉन क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्जेंडर प्रोकुडिन के अनुसार, यूरी उस सुबह सब्जियां बेचने के लिए खेरसॉन गए थे। प्रोकुडिन ने टेलीग्राम पर अस्पताल का इंटरव्यू शेयर किया।

यूरी ने बताया कि वह और उनकी पत्नी अपनी वैन के पास सब्जियों के क्रेट लगा रहे थे तभी उन्हें ऊपर एक ड्रोन की खास आवाज सुनाई दी। उन्होंने बताया कि जब उनकी पत्नी भागने लगीं तो ड्रोन ने अपना ध्यान उनकी तरफ कर लिया। उन्हें याद है कि उन्होंने ड्रोन के कैमरे की तरफ लहसुन की कई गांठें दिखाईं ताकि ऑपरेटर को पता चल सके कि वह उसकी फिल्मिंग नहीं कर रहे हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यूरी ने कहा, उसे दिख रहा था कि मैंने टमाटर, कुछ खीरे और बैंगन जमीन पर रखे हुए थे। जब मैं दूसरी तरफ भाग रहा था तो वह छाते के नीचे भी आ गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हालिया फुटेज से पता चलता है कि रूस खेरसॉन में आम नागरिकों को लगातार निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज खेरसॉन में आम नागरिकों के खिलाफ रूस द्वारा किए जा रहे ड्रोन सफारी के एक और वीडियो ने कई लोगों को चौंका दिया है। उन्होंने आगे कहा कि रूस पागल हो गया है और मॉस्को पर दबाव बढ़ाने तथा यूक्रेन के लिए मजबूत सुरक्षा गारंटी की मांग की।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, दुनिया को यह देखना चाहिए। उसे हर वह सबूत देखना चाहिए जिससे पता चले कि रूस पागल हो गया है और उसके सैनिक आम नागरिकों को मारने और उनके साथ बुरा बर्ताव करने में मजा लेते हैं। रूस पर दबाव डाले बिना, उसकी आक्रामक क्षमता को खत्म किए बिना और सुरक्षा की पक्की गारंटी के बिना इस बुराई के साथ दुनिया के मिल-जुलकर रहने की कल्पना करना भी नामुमकिन है। उन्होंने आगे कहा, हमें जीवन की रक्षा के लिए दृढ़ रहना होगा। हमें ऐसे कदम उठाने होंगे और जीवन का समर्थन करना होगा जिससे रूस अपने ड्रोन का दायरा बढ़ाने के बजाय शांति के बारे में गंभीरता से सोचने पर मजबूर हो जाए।

# विधानसभा में हंगामे से युवाओं, किसानों और महिलाओं के हितों पर चर्चा नहीं हो सकी : योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा का मानसून सत्र समय से पहले स्थगित होने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष के हंगामे के कारण युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सदन में चर्चा नहीं हो सकी। विधानसभा परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान एक बार फिर समाजवादी पार्टी (सपा) का वास्तविक चेहरा सामने आ गया। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही को लगातार हंगामे की भेंट चढ़ाना प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 59 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुपूरक बजट लेकर आई थी, जिसका उद्देश्य विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए नई योजनाएं और कार्यक्रम प्रारंभ करना था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में अनेक मदों के लिए धनराशि का प्रावधान किया तथा कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की थीं। सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रसोइयों, ग्राम चौकीदारों सहित विभिन्न वर्गों के मानदेय में वृद्धि, महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन तथा वृद्धावस्था पेंशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर उन्हें आगे बढ़ाना चाहती थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के नकारात्मक रवैये के कारण इन मुद्दों पर सदन में विचार-विमर्श नहीं हो सका।

उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों से जुड़े विषयों पर चर्चा नहीं होने दी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के इस रवैये को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि यह किसान, युवा, महिला और गरीब विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। इन परिस्थितियों के बावजूद विधानसभा ने अनुपूरक अनुदान की मांगों को पारित कर दिया है और सरकार शीघ्र ही बजट में घोषित प्रावधानों को धरातल पर लागू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

## होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द खुलेगा, अन्यथा ईरान पर होगा बड़ा हमला : ट्रंप

**वाशिंगटन, (वार्ता/स्पूतनिक।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही खोल दिया जाएगा, अन्यथा ईरान पर बहुत बड़ा हमला किया जाएगा। फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में ट्रंप ने ईरान के साथ वार्ता की प्रगति संबंधी सवाल पर कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य बहुत जल्द खोल दिया जाएगा, अन्यथा उन्हें बहुत कड़ा प्रहार झेलना पड़ेगा। किसी भी स्थिति में जलडमरूमध्य खुलने वाला है। फॉक्स न्यूज के अनुसार, ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर शुरू हो गयी है तथा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने संबंधी समझौता जल्द होने वाला है।

# उमर ने पांच अगस्त के बदलावों को पलटने का संकल्प लिया

श्रीनगर, (वार्ता)

मुख्यमंत्री तथा नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर में किए गए बदलावों को पलटने के अपने संकल्प पर कायम है। उन्होंने कहा कि सात वर्ष बीत जाने के बावजूद पार्टी न तो इन घटनाओं को भूली है और न ही अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद पैदा हुई परिस्थितियों को स्वीकार किया है।

केंद्र सरकार के पांच अगस्त के फैसलों की सातवीं बरसी पर श्री उमर ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर से छीने गए अधिकारों को बहाल करने और राज्य की पहचान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सात साल हो गये, हम न तो भूले हैं और न ही हमने मौजूदा हालात से समझौता किया है और न ही उन्हें स्वीकार किया है। मेरी पार्टी और मैं उन सभी फैसलों को पलटने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो जम्मू-कश्मीर के खिलाफ लिए गए, जिनसे हमारे अधिकार छीने गए और हमारी पहचान पर खतरा पैदा हुआ।रॉबर्ट फ्रॉस्ट की मशहूर कविता स्टॉपिंग बाय वुड्स ऑन ए स्नोई इवनिंग की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा, जंगल प्यारे, घने और गहरे हैं लेकिन मुझे अपने वादे पूरे करने हैं। सोने से पहले मीलों का सफर तय करना है.......।



वहीं, पीपल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं विधायक सज्जाद लोन ने पांच अगस्त, 2019 की घटना को जम्मू-कश्मीर के लोगों के खिलाफ़ क्रूर कार्रवाई बताया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, पांच अगस्त, 2019 जम्मू-कश्मीर के लोगों के खिलाफ़ एक बेरहम तख्तापलट था। जम्मू-कश्मीर के लोग हमेशा इसे नफ़रत और तिरस्कार की नज़र से देखेंगे। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों की ताकत छीनने का दिन था। जब अनुच्छेद 370, आर्टिकल 35ए सब कुछ छीन लिया गया और जले पर नमक छिड़कने जैसा यह हुआ कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) बना दिया गया। मुझे उम्मीद है कि एक दिन ऐसा आएगा जब देश के लोग समझेंगे कि ये वादे जम्मू-कश्मीर के लोगों से विलय के समय किए गए थे। धीरे-धीरे सभी वादे तोड़ दिए गए। श्री लोन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को अधिकार के तौर पर फिर से सशक्त बनाया जाएगा, न कि खैरात के तौर पर।

श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर का विशेष संवैधानिक दर्जा खत्म कर दिया था। इसके बाद संसद ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम पारित किया, जिसके तहत पुराने राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# मेरा किरदार मेरी असल जिंदगी से बिल्कुल अलग है, यही इसे रोमांचक बनाता है : छवि पांडे



सोनी सब के लोकप्रिय धारावाहिक यादें में डॉ. प्रीति देशमुख की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री छवि पांडे ने कहा है कि उनका किरदार उनकी वास्तविक जिंदगी की पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग है और यही बात इस भूमिका को उनके लिए सबसे अधिक रोमांचक बनाती है।छवि पांडे ने कहा कि डॉक्टर का किरदार निभाना उनके अभिनय करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक रहा है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी डॉक्टर की भूमिका निभाई थी, लेकिन इस बार उसे गहराई से जीने का मौका मिला। मेडिकल शब्दों के सही उचारण, सर्जरी की प्रक्रियाओं को समझने और पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्हें पर्दे पर प्रस्तुत करने के लिए काफी तैयारी करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान सेट पर मौजूद मेडिकल विशेषज्ञ कलाकारों का मार्गदर्शन करते हैं, जिससे चिकित्सा संबंधी दृश्यों को वास्तविकता के करीब प्रस्तुत करने में मदद मिलती है। इसके अलावा वह स्वयं भी मेडिकल शब्दावली और प्रक्रियाओं पर अध्ययन करती हैं तथा जरूरत पड़ने पर सह-कलाकारों से सलाह लेती हैं। अपने किरदार और वास्तविक व्यक्तित्व के बीच अंतर बताते हुए छवि ने कहा, डॉ. प्रीति बेबाक, मिलनसार और खुलकर अपनी बात कहने वाली हैं, जबकि मैं असल जिंदगी में अंतर्मुखी, शांत और व्यवस्थित हूं। हालांकि, अपने काम के प्रति समर्पण और ईमानदारी हम दोनों में समान है और यही बात मुझे इस किरदार से सबसे अधिक जोड़ती है।

# 52 वर्ष की हुई काजोल



बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल आज 52 की हो गई।05 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मी काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमू मुखर्जी फिल्म निर्माता थे, जबकि मां तनुजा हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण काजोल बचपन से ही अपनी मां के साथ फिल्म की शूटिंग देखने जाया करती थीं। इसी वजह से उनका रुझान भी फिल्मों की ओर हो गया और उन्होंने अभिनेत्री बनने का सपना देखा। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट, पंचगनी से प्राप्त की। काजोल ने 1992 में प्रदर्शित फिल्म बेखुदी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इस युवा प्रेम कहानी में उनके नायक कमल सदाना थे, लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। 1993 में काजोल को अब्बास-मस्तान निर्देशित फिल्म बाजीगर में काम करने का अवसर मिला। फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान थे। हालांकि फिल्म का केंद्र शाहरुख खान का किरदार था, लेकिन काजोल ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। 1994 काजोल के करियर का अहम साबित हुआ। इस दौरान उनकी उधार की जिंदगी, ये दिल्लगी और करण अर्जुन जैसी फिल्में प्रदर्शित हुईं। उधार की जिंदगी व्यावसायिक रूप से सफल नहीं रही, लेकिन इसमें उनके अभिनय के लिए उन्हें बॉम्बे फिल्म जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार मिला। वहीं ये दिल्लगी में अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ उनकी भूमिका को काफी सराहा गया और इसके लिए उन्हें पहली बार फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार के लिए नामांकन मिला।

1995 में यश चोपड़ा के बैनर तले बनी दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे काजोल के करियर की मील का पत्थर साबित हुई। 1997 में निर्माता-निर्देशक राजीव राय की फिल्म गुप्त में काजोल ने पहली बार ग्रे शेड वाला किरदार निभाया। इस फिल्म में उनके अभिनय को जबरदस्त सराहना मिली और उन्हें फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ खलनायक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह यह पुरस्कार जीतने वाली हिंदी फिल्म उद्योग की पहली अभिनेत्री बनीं। 1998 में प्रदर्शित दुश्मन में काजोल ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई और अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसी उनकी प्यार तो होना ही था और कुछ कुछ होता है भी प्रदर्शित हुईं। इन दोनों फिल्मों के लिए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन मिला। यह उनके करियर का पहला अवसर था जब एक ही में तीन फिल्मों के लिए उन्हें फिल्मफेयर नामांकन प्राप्त हुआ। कुछ कुछ होता है के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीता। 1999 में काजोल ने सतीश कौशिक निर्देशित हम आपके दिल में रहते हैं में अभिनय किया। इस फिल्म के लिए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन मिला। इसी उन्होंने अभिनेता अजय देवगन से विवाह कर लिया, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों में अपनी सक्रियता कुछ कम कर दी।

2001 में प्रदर्शित कभी खुशी कभी ग़म के बाद काजोल ने कुछ समय के लिए फिल्म उद्योग से दूरी बना ली। 2006 में उन्होंने यशराज फिल्म्स की फना के जरिए शानदार वापसी की। आमिर खान के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया और इस फिल्म के लिए उन्हें एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

# टीआईएफएफ में होगा कार्तिक सुब्बाराज की डोरोथी का विश्व प्रीमियर



लेखक-निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज की बहुप्रतीक्षित तमिल फिल्म डोरोथी का टाइटल अनाउंसमेंट जारी कर दिया गया है। जियो स्टूडियोज़ और सिख्या एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 2026 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के प्रतिष्ठित सेंटरपीस सेक्शन में होगा। इसके बाद फिल्म 25 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी डोरोथी उनकी 10वीं फीचर फिल्म है। फिल्म का संगीत दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने तैयार किया है, जो उनके करियर की 1540वीं फिल्म है। फिल्म में सनंथ, ॠषिकांत और कीर्ति सुरेश प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका निर्माण योति देशपांडे, गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन ने धम्मम फिल्म्स के सहयोग से किया है। फेस्टिवल प्रीमियर से पहले जारी टाइटल पोस्टर भारतीय हाईवे ट्रक आर्ट से प्रेरित है, जो फिल्म की भावनात्मक यात्रा और उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की झलक प्रस्तुत करता है। कार्तिक सुब्बाराज ने कहा कि डोरोथी ऐसी कहानी है, जिसे वह लंबे समय से दर्शकों तक पहुंचाना चाहते थे। उनके अनुसार फिल्म दोस्ती, प्रेम, पहचान, जाति, मर्दानगी और करुणा जैसे विषयों को मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि फिल्म तमिलनाडु की संस्कृति से गहराई से जुड़ी है, लेकिन इसकी भावनाएं पूरी दुनिया के दर्शकों से जुड़ने की क्षमता रखती हैं। जियो स्टूडियोज़ की अध्यक्ष योति देशपांडे ने कहा कि अपनी मिट्टी से जुड़ी कहानियां ही वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रभाव छोड़ती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्तिक सुब्बाराज की यह फिल्म अपनी संवेदनशील कहानी, इलैयाराजा के संगीत और कलाकारों के दमदार अभिनय के दम पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों का दिल जीतेगी।

# मूंग की तुलाई के लिए दर-दर भटक रहा किसान

## किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।



भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई में हो रही समस्याओं से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया । ग्रीष्मकालीन मूंग की तुलाई के लिए किसान दर-दर भटक रहा है परेशान हो रहा है वेयरहाउस में लंबी लंबी लाइन है एक वेयरहाउस में 200 से 250 ट्रैक्टरों की लाइन लगी हुई हैऔर किसान कम से कम 10 से 12 दिन तक अपनी मूंग तुलाई के लिये का इंतजार कर रहा है प्रशासनिक अमला तुलाई के लिए लगा हुआ है लेकिन वेयरहाउस प्रबंधक एवं सर्वेयरों की मनमानी के कारण किसान परेशान हो रहा है अत: भारतीय किसान संघ मांग करता है 2 से 3 दिन जिले की सभी मंडीयो को बंद कर कर सिर्फ मूंग उपार्जन कर तुलाई में तेजी लाई जाए एवं वहां से परिवहन कर वेयरहाउस में माल जमा करवाया जाए एवं शनिवार और रविवार को भी तुलाई निश्चित की जाए ।

सिलेट का टाइम निकालने के कारण उनकी डेट बढ़ाने के लिए किसान कृषि संचालक विभाग के चक्कर लगा रहा है किसी किसान का माल तो तोल गया है लेकिन डेट निकल जाने के कारण उनका बिल नहीं बन रहा है तो किसी किसान का बिल बनाने के लिए अंगूठा नहीं मिल रहा है भारतीय किसान संघमांग करता है कि मूंग के बिल किसान के मोबाइल के ओटीपी के द्वारा बनाए जाएं।खेतों पर मक्के और धान की फसल को यूरिया की आवश्यकता है और समय पर यूरिया ना मिलने से फसल बढ़वार नहीं ले रही है जिलों में एसटीडी कोड 181 के माध्यम से उर्वरक बुक कराया जा रहा है किंतु 70 से 80 किसानों के ही ए टोकन 181 पर बुक हो रहे हैं प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो से उर्वरक स्पष्ट नीति न होने के कारण सप्लाई नहीं हो पा रही है।

कलेक्टर महोदय को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्राइवेट दुकान एवं एमपी एग्रो को भी 181 में जोड़कर टोकन वितरित किए जाएं एवं ऑफलाइन में प्रतिदिन 300 किसानों को उर्वरक सप्लाई की जाए एवं समय-समय पर डीएमओ एवं एमपी एग्रो की स्टॉक की जांच कराई जाए।



## महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की बहनों द्वारा मनाया गया जड़ी बूटी दिवस

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि योगपीठ के आयुर्वेद केंद्र के माध्यम से पारंपरिक आयुर्वेद पद्धति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है और उनके जन्म दिवस को पतंजलि योगपीठ द्वारा *जड़ी-बूटी दिवस* के रूप में मनाया जाता हैं। और औषधीय पौधों का वितरण तथा रोपण किया जाता है।

आचार्य श्री की इन्हीं सभी उपलब्धियों को याद करते हुए महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की बहनों ने गायत्री शक्तिपीठ में उनकी दीर्घायु हेतु यज्ञ हवन पूजन किया एवं जड़ी बूटी एवं औषधीय पौधों का वितरण एवं रोपण किया साथ ही साथ सभी ने संकल्प लिया की अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करेंगी और अपने-अपने घरों में किचन गार्डन और औषधीय बगिया तैयार करेंगी इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति नरसिंहपुर की जिला प्रभारी भारती कौरव ,जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा, तहसील महामंत्री मंजू श्रीवास्तव एवं मुख्य योग शिक्षकों में से सुनीता शर्मा, ,सुधा तिवारी, कल्पना सोनी, स्मिता श्रीवास एवं अन्य योग साधकों की उपस्थित रही ।

## इनर व्हील क्लब ने पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** इनर व्हील क्लब नरसिंहपुर द्वारा पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हरियाली को बढ़ावा देना और भावी?पीढियो को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष भारती ठाकुर के नेतृत्व में क्लब के सदस्य विमला ठाकुर ,मंजूषा सेन, विंध्या? तिवारी, रानू अवधिया, आकांक्षा साहू ,रजनी राजोरिया ,उर्वशी पाठक, अंजलि साहू, तनु दुबे , सुरुचि साहू , रितु अग्रवाल ,पूनम धुर्वे , प्रियंका जगदाले ,रुक्मणी ढिमोले , राजकुमारी पाठक ,रश्मि सलूजा का योगदान रहा। सभी सदस्य ने मिलकर विभिन्न छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली । पौधों के महत्व पर चर्चा की गई ।

## 7 अगस्त को सालीचौका क्षेत्र में होगा क्षेत्र भ्रमण

### जनसंवाद के माध्यम से सुनी जाएंगी समस्याएं

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार आयोजित होने वाले क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत 7 अगस्त से होगी। अभियान के प्रथम चरण में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के नेतृत्व में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी सालीचौका क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। इस दौरान जनसंवाद आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभ का भी मौके पर आकलन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्थानीय उद्यमियों एवं युवाओं के साथ उद्यम संवाद आयोजित कर स्वरोजगार, कौशल उन्नयन एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार पंजीयन, श्रम योगी मानधन योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वच्छता गतिविधियों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्राम विकास योजनाओं की भी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### इन संस्थानों का होगा निरीक्षण

अभियान के तहत शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके अंतर्गत सड़कें, तालाब, अमृत सरोवर, बांध, जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित संरचनाएं, शासकीय भवन तथा अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का अवलोकन किया जाएगा।

## मूंग उपार्जन में सुविधा किसान बदल सकेंगे उपार्जन केंद्र

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन को किसानों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब पात्र किसानों को आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्र बदलने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उन्हें अपनी उपज विक्रय में आसानी हो सकेगी। निर्देशानुसार जिन किसानों की अब तक 25 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जा चुका है, ऐसे किसानों को शेष 35 प्रतिशत उपज पूर्व में शासन द्वारा निर्धारित एवं मैप किए गए उपार्जन केंद्र पर ही लाना अनिवार्य होगा। वहीं, जिन किसानों की कुल 60 प्रतिशत मूंग का उपार्जन किया जाना शेष है।

## महिला स्वच्छता रैली से गूंजा स्वच्छता का संदेश गोटेगांव जनपद ने बढ़ाया जागरूकता का कदम

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद पंचायत गोटेगांव द्वारा ग्राम पंचायत टिकरी के ग्राम मुगली में आयोजित महिला स्वच्छता रैली ने पूरे क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति नई जागरूकता का संचार किया। जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन के नेतृत्व में निकली इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली के दौरान महिलाओं ने गांव की गलियों में भ्रमण कर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और ग्रामीणों को घर-घर कचरे के पृथक्करण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता की अहम भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब तक समाज के सभी वर्ग मिलकर इस दिशा में प्रयास नहीं करेंगे, तब तक स्वच्छ एवं स्वस्थ गांवों का सपना साकार नहीं हो सकता। इस अवसर पर सहायक यंत्री सुश्री अमृता अग्निहोत्री, स्वच्छ भारत मिशन की ब्लॉक समन्वयक सुश्री वर्षा नामदेव, उपयंत्री श्री प्रवीण गुप्ता, एनआरएलएम से श्रीमती रजनी नेमा, सचिव श्री नन्हजी पटैल तथा स्वच्छताग्राही हेमवती और अखिलेश सहित ग्राम की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

रैली के माध्यम से जनपद पंचायत गोटेगांव ने स्वच्छता की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए यह संदेश दिया कि जागरूकता और सहभागिता ही स्वच्छता की असली ताकत है।



## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को करेली तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर राजस्व एवं लोक सेवा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए लंबित एवं निराकृत राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आवेदन प्राप्त होने, पंजीयन, समय-सीमा में निराकरण तथा आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने कार्यालय में संधारित नकल पंजी एवं दायरा पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, रिकॉर्ड के नियमित अद्यतन तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।



नरसिंहपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध च्ह्वक्क्ष्न्नक्ष्ठ्ठह्ह श्चत्तस्ह्व छ्ख्ख जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में थाना चीचली क्षेत्र अंतर्गत एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इमलिया रोड ग्राम चरगवां कला के पास एक मोटरसाईकिल से में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए त्वरित कार्यवाही की गई मुखबिर के बताए स्थान पर प्रभावी घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध मोटरसाईकिल को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं वाहन को विधिवत जप्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

आरोपी विनीत उर्फ बंटी कीर पिता लखनलाल कीर, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती धोबी मोहल्ला, पिपरिया जिला नर्मदापुरम एवं राज सराठे पिता विनोद सराठे, उम्र 20 वर्ष, निवासी रामविलास कॉलोनी पिपरिया, जिला नर्मदापुरम।

जप्ती- आरोपी के कब्जे से 6 पेटी देशी मसाला एवं प्लेन शराब तथा एक मोटरसाईकिल जप्त की गई है। जप्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1.13 लाख रुपये है।

वैधानिक कार्यवाही- धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्यवाही में मुख्य भूमिका- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चीचली, निरीक्षक, शशि विश्वकर्मा, उनि अमित गोटिया, आरक्षक सत्यसिंह एवं महिला आरक्षक बंदेश्वरी की सराहनीय एवं सक्रिय भूमिका रही।



## स्वास्थ्य टीम की सतर्कता से बची दो जिंदगियां, सुरक्षित मातृत्व की मिसाल बनी अनीता गोंड

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले के दूरस्थ वनग्राम भोरखेड़ी में स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता, समय पर निर्णय और निरंतर फॉलोअप ने एक गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु को नई जिंदगी दी। विकासखंड बाबई-चीचली की निवासी श्रीमती अनीता गोंड का सुरक्षित प्रसव स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता और टीम भावना का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल पटेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने अनीता गोंड की गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण से ही नियमित निगरानी शुरू कर दी थी। 9 जनवरी को पहली जांच में उनका वजन मात्र 34 किलोग्राम और हीमोग्लोबिन 10.5 ग्राम/डीएल पाया गया। इसके बाद उन्हें नियमित जांच, टीकाकरण और पोषण संबंधी परामर्श दिया गया।

अप्रैल माह में पुन: जांच के दौरान स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं पाई गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा आगे की जांच के लिए भेजे जाने के बावजूद हितग्राही अस्पताल नहीं पहुंच सकीं।

## लायंस क्लब शांकरी अध्यक्ष अनीता जायसवाल के जन्मोत्सव पर स्टेशन परिसर में किया वृहद पौधारोपण




गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब शांकरी द्वारा विगत दिवस रेल्वे स्टेशन परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत स्टेशन परिसर में आम, जामुन, चीर, बेलपत्र, बरगद, पीपल सहित विभिन्न प्रकार के कुल 21 पौधों का रोपण किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी क्लब द्वारा ली जाएगी।

इस अवसर पर लायंस अनीता जायसवाल, सचिव के.आर. सप्रे, रविशेखर जायसवाल, एस. तिवारी, मधुमनी चौहान, माया खजांची, आर.एस तिवारी, ममता पांडे, सविता बडकुर, दीपिका उपाध्याय, जगदीश अग्रवाल,मनोहर आरसे सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं ने कहा कि जन्मोत्सव और विशेष अवसरों को पौधारोपण के साथ मनाकर ही हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और हरित पर्यावरण दे सकते हैं। कार्यक्रम को स्टेशन अधीक्षक ब्रजेश उपाध्याय जी का भी सहयोग प्राप्त हुआ।लायंस क्लब शांकरी भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रम निरंतर करता रहेगा।

## नही रहे डॉ. अजय सिंह चौहान अंत्येष्टि आज

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जिले के प्रतिष्ठित डॉ अजय सिंह चौहान अब हमारे बीच नही रहे। वे पिछले कुछ दिनों से मुंबई में इलाज करा रहे थे । उनका अस्वस्थता के चलते मुंबई में निधन हो गया। वे डॉ. वाय एस चौहान मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक एवं श्री संजय सिंह चौहान के अग्रज थे। उनका अंतिम संस्कार आज नरसिंहपुर में किया जाएगा। उनके निधन की खबर सुनते ही चिकित्सा क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। साथ ही सभी ने उनके निधन को बड़ी क्षति बताया है। डॉ अजय सिंह चौहान का चिकित्सा क्षेत्र में जहां बड़ा सम्मान था , वहीं आम नागरिक भी उनके प्रति बेहद सम्मान की भावना रखता है। अपने पिताश्री की विरासत को आगे बढ़ते हुए डॉ अजय सिंह चौहान ने चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य किया।

## कलेक्टर आई और चुटकी में हल की किसानों की दुविधा

करेली।



मूंग उपार्जन में 25 फ़ीसदी से 60 फ़ीसदी की गई वृद्धि के बाद अचानक वेयर हाउसों में ट्रैक्टरों की लंबी कतार किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी थी। करेली के समीपी ग्राम बसखेड़ा स्थित रेवा वेयर हाउस में क्षमता फुल होने के बाद भी लगभग डेढ़ सौ ट्रैक्टर सकरी सड़क के दोनों ओर पिछले चार से पांच दिनों से लाइन से लगे हुए थे और किसान परेशान हो रहे थे।

जानकारी मिलने पर बुधवार दोपहर समस्या के निवारण हेतु जिले की कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कृषि उपज मंडी करेली पहुंचकर वहां रेवा वेयरहाउस से संबंधित किसानों के उपार्जन की त्वरित व्यवस्था की। जिसके बाद कलेक्टर ने रेवा वेयरहाउस पहुंचकर किसानों से भेंट की व तत्काल प्रभाव से संबंधित समिति की मैपिंग चेंज कर कृषि उपज मंडी में उपार्जन प्रारंभ किए जाने निर्देश दिए। तदनुसार तहसीलदार करेली विक्रम सिंह की सतत मॉनिटरिंग में दोपहर में ही किसानों को रेवा वेयरहाउस में लगी लंबी लाइन से निजात दिलाते हुए करेली की नई गल्ला मंडी में स्थानांतरित किया गया। जहां गुरुवार सुबह से उनकी मूंग की तुलाई प्रारंभ की जावेगी।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 184 आवेदकों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 184 आवेदकों की समस्याएं पूरी गंभीरता, धैर्य और संवेदनशीलता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में राजस्व विभाग के अंतर्गत भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, भूमि आवंटन,



अतिक्रमण हटाने, नक्शा सुधार से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। वहीं शिक्षा विभाग के अंतर्गत एक दिव्यांग आवेदक द्वारा अतिथि शिक्षक का पद चले जाने से बेरोजगार होने की शिकायत प्राप्त हुई। इसी प्रकार कृषि विभाग के अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने सम्बंधित, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लाड़ली बहना योजना की राशि बंद होने, नगर निगम से एक सफाई कर्मचारी द्वारा विगत 5 माह से वेतन न मिलने, खाद्य विभाग के अंतर्गत राशन न मिलने, लोक सेवा विभाग के अंतर्गत समग्र परिवार आईडी में पत्नि का नाम जुड़वाने सहित विगत 6 माह से दिव्यांग पेंशन बंद होने सम्बंधित व पीएम आवास योजना की नई सूची में नाम जुड़वाने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े अनेक जनहित के मामलों पर भी आवेदकों नें अपनी समस्याएं रखीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग में लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत और न्याय मिले।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पवित्र सावन माह में श्री शनि मंदिर, तिलक कॉलेज रोड में कटनी में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, सामूहिक पूजन, हवन एवं रुद्राभिषेक का धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पार्थिव शिवलिंग निर्माण से हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजन-अर्चन, हवन एवं रुद्राभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य, मातृशक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की महिला विंग ने विशेष भूमिका निभाई। पार्थिव शिवलिंग निर्माण से लेकर पूजन, प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं को महिला विंग के सदस्यों ने अनुशासन एवं समर्पण के साथ सम्पन्न कराया। महिला विंग की अध्यक्ष मंजू शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ पूजा करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा



और आध्यात्मिकता का भाव जगाना है। महिला विंग की सभी बहनों ने पूरे समर्पण से कार्य किया। आगे भी संस्था सामाजिक और धार्मिक कार्यों में इसी तरह सक्रिय रहेगी। संस्था के अध्यक्ष टीनू सचदेवा एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मकता एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना ही संस्था का उद्देश्य है। भविष्य में भी संस्था द्वारा इसी प्रकार के सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मिशन चौक पर अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के व्यस्ततम मिशन चौक पर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहाँ एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत कटनी जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार जारी है। घटना का विवरण:- स्थान- मिशन चौक, हादसा- ऑटो का अचानक संतुलन बिगड़ने से पलटना, हताहत- 3 युवतियां घायल, वर्तमान स्थिति- घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो की रफ्तार तेज थी, जिससे मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा। पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जाँच की जा रही है।

# किदवई वार्ड के प्रेम नगर में टेंट गोदाम में आग

## मौके पर पहुँचा फायर ब्रिगेड, आग पर पाया काबू, निगम ने दिखाई सक्रियता

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर निगम की त्वरित आपदा प्रबंधन व्यवस्था और दमकल अमले की मुस्तैदी से मंगलवार सुबह कटनी के प्रेम नगर (किदवई वार्ड) में एक बड़ा हादसा टल गया। यहाँ एक टेंट गोदाम में अचानक आग लग गई थी, जिस पर फायर अमले ने मौके पर पहुँचकर समय रहते पूरी तरह काबू पा लिया। निगम प्रशासन की इस सक्रियता से आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया।

सुबह 10:52 बजे मिली थी सूचना मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार 4 अगस्त 2026 को प्रात: 10:52 बजे नगर निगम कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना एनकेजे क्षेत्र अंतर्गत आने वाले किदवई वार्ड के प्रेम नगर स्थित



एक टेंट गोदाम में आग भड़क गई है। सूचना मिलते ही निगम प्रशासन तुरंत हरकत में आया और बिना कोई समय गंवा, बस स्टैंड ज़ोन स्थित फायर स्टेशन से दमकल वाहन व प्रशिक्षित फायर फाइटर्स की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया।

**दमकल अमले ने तत्परता से पाया काबू**- प्रभारी फायर इंचार्ज शैलेंद्र दुबे ने बताया कि: दमकल दल ने मौके पर पहुँचते ही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रणनीति बनाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। टीम ने समन्वय और तत्परता के साथ कुछ ही समय में आग पर प्रभावी नियंत्रण पा लिया। गोदाम में रखे ज्वलनशील सामान और पास के भवनों को तुरंत सुरक्षित किया गया, जिससे जन-धन की कोई बड़ी हानि नहीं हुई।

**नुकसान और कारणों का लगाया जा रहा पता**-नगर निगम प्रशासन के अनुसार नागरिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहती है। फिलहाल आग लगने के मुख्य कारणों और इससे हुए आर्थिक नुकसान का सटीक आकलन संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**आपात स्थिति में तुरंत दें सूचना**-नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि आगजनी, दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति की जानकारी तुरंत निगम के कंट्रोल रूम या संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सके और जान-माल के नुकसान को रोका जा सके।


# कटनी में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर कटनी जिले के पटवारियों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। पहले दिन पटवारियों ने अपने शासकीय बस्ते जमा कर विभागीय व्हाट्सऐप समूह छोड़ दिए तथा नियमित शासकीय कार्यों का बहिष्कार किया। पटवारी संघ का कहना है कि लंबित मांगों के समाधान के लिए कई बार ज्ञापन, सांकेतिक विरोध और सामूहिक अवकाश के माध्यम से शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके बाद प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू की गई। हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा-खसरा, फसल गिरदावरी, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के सत्यापन सहित राजस्व विभाग के अधिकांश कार्य प्रभावित होंगे। अगस्त से शुरू होने वाले जन विश्वास अभियान पर भी इसका असर पड़ने की संभावना है। पटवारी संघ ने कहा है कि वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित लंबित मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा।

# एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी क्रम में जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा 04 अगस्त को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों द्वारा अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्राप्त शिकायतों में जमीनी विवाद, आपसी विवाद, पारिवारिक विवाद, सायबर फ्रॉड, महिला संबंधी शिकायतें एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायतें शामिल रही। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित



अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चर्तुवेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक, प्रभारी शिकायत शाखा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु भी संबंधित थाना प्रभारियों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शिकायतों के निराकरण हेतु आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने एवं आवेदकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# महिला मंडल का रामायण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** समाज की महिला मंडल द्वारा आयोजित रामायण का कार्यक्रम सफल रहा एवं हमारे बीच आमंत्रित प्रीति संजीव सूरी महापौर की उपस्थिति में कार्यक्रम में चार चांद लग गए साथ साथ ही उनके कर काम लो द्वारा चयनित पद के लिए सम्मानित किया गया। महापौर का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं समाज की समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं हमारे अध्यक्ष दर्शन गुप्ता एवं ऊर्जावान महामंत्री संजोग गुप्ता जी का आभार व्यक्त करते हैं ऐसे ही आप लोगों का सहयोग बना रहेगा। तो निश्चित ही हमारे समाज का विकास होता रहेगा सभी कनिष्ठ एवं वरिष्ठ पदाधिकारी का है आभार अभिनंदन और वंदन करते हैं सफल कार्यक्रम की आयोजन सफल प्रयास हृदय से आभारी है समस्त महिला मंडल इकाई।

# हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुआ कटनी

## गिरजा घाट सन्यासी बाबा धाम से निकली भव्य कांवड़ यात्रा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्रावण मास की पावन बेला में शहर पूरी तरह शिवमय हो उठा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नई बस्ती स्थित जगमोहन दास वार्ड के गिरजा घाट सन्यासी बाबा धाम से विशाल कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा, आस्था और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में सैकड़ों शिवभक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोषों के बीच निकली कांवड़ यात्रा में शिवभक्त भक्ति गीतों और शिव भजनों की मधुर धुनों पर झूमते-गाते आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और भक्ति का अनुपम परिचय दिया। यात्रा के दौरान समाजसेवी अरुण चक्रवर्ती ने शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करते



हुए उन्हें बिस्किट, जूस एवं गमछों का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने उनके इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे पुण्य कार्य बताया। कांवड़ यात्रा में दिलीप यादव, हेमंत कुशवाह, मनीष शुक्ला, नानू खरे, रवि चक्रवर्ती, नवीन चक्रवर्ती, रितु सेठी, संजय वर्मा, रवि निषाद, चिंटू निषाद, अभिलाष विश्वकर्मा, आदर्श बर्मन, अमित सेन सहित सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह, भक्ति और अनुशासन आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रावण मास में आयोजित इस भव्य कांवड़ यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया और भगवान शिव के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)

कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के सभी ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ 5 अगस्त बुधवार को शहर के एक निजी संस्थान में शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हर विषय के प्रवक्ता के व्यवस्था की गई है, साथ ही प्रशिक्षण शिविर में मंडलम् अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके लिए प्रशिक्षण रखा गया है। अन्य लोगों का प्रशिक्षण अलग से रखा जाएगा है, प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित समय के साथ ठीक 11 बजे शुरू कर दिया गया था। इसके पश्चात प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ देश के महा पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर



शुरू किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ प्रशिक्षण के प्रभारी पूर्व सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला प्रभारी मनु मिश्रा विधानसभा सभा प्रभारी बीरेंद्र चौबे, जिला संगठन महामंत्री जितेन्द्र सिंह, प्रेम बत्रा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह बघेल की उपस्थित रहे। इसके पश्चात ठीक 11 बजे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया था। प्रशिक्षक महेंद्र जोशी, प्रमिल मित्रा, राहुल राज, आंनद जाट द्वारा ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्षों को विस्तार से पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया। गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार शामिल होंगे।

# पुस्तक परिवहन में बड़ा गोलमाल ठेका कंपनी को बेवजह भुगतान

## कामकाज छोड़ शिक्षक ले जा रहे पुस्तके, शिक्षा विभाग में मिलीभगत से हो रहा बड़ा खेल...

कटनी (स्वतंत्रमत)

वैसे तो जिले के शासकीय स्कूलों में नि:शुल्क पुस्तक का उपलब्ध कराने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा बाकायदा पुस्तक और पुस्तकों को स्कूलों तक पहुंचाने के लिए परिवहन व्यवस्था का रोड मैप तैयार किया गया है। केंद्रों से स्कूलों तक पुस्तक पहुंचाने का जिम्मा कटनी में एक ठेका कंपनी को सौंपा गया है, लेकिन परिवहन का ठेका लेने वाली कंपनी स्कूलों में पुस्तक आखिर क्यों नहीं पहुंचा रही, यह सवाल अब खड़ा होने लगा है। जिले में पुस्तक परिवहन ठेकेदार एवं विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत भ्रष्टाचार की एक नई इमारत लिख रही है। लगभग जिले भर में यही हाल है। शिक्षकों को बाकायदा व्हाट्सएप पर मैसेज भेज कर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा पुस्तक केंद्रों से ले जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। पुस्तक परिवहन हो जाने के बाद अब शिक्षकों से पुस्तक वितरण प्रमाण पत्र विभाग में देने का दबाव बनाया जा रहा है। अब सवाल यह है कि जब ठेका कंपनी पुस्तक




परिवहन कर ही नहीं रही है, तो आखिर विभाग ठेकेदार को परिवहन के नाम पर भुगतान किस बात के लिए प्रदान कर रहा है। कहीं ऐसा तो नहीं की ठेका कंपनी सिर्फ नाम की है, पुस्तक परिवहन की राशि हड़प करने के लिए कोई षड्यंत्र जिम्मेदारों ने रच रखा है। बीते दिनों जन शिक्षा केंद्र पिपरोध एव हीरापुर कौड़िया जन शिक्षा केंद्रो के स्क्रीन शॉर्ट सामने आने के बाद जिले भर से इस तरह के स्कीन शॉर्ट सामने आ रहे है। सामने आ रहे स्क्रीनशॉट यह बात उजागर कर रहे हैं कि जिले भर में पुस्तक परिवहन के नाम पर एक बड़ा खेल खेला गया है। कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई जिसका असर यह हुआ कि डीसी तिवारी ने बीआरसी मनोज गौतम को नोटिस भेजते हुए जवाब तलब किया है। जिलेभर के शासकीय स्कूलों में बच्चों को नि:शुल्क पुस्तके उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा लाखों का ठेका हर वर्ष किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि कटनी जिलें में लगभग 25 से 27 लाख की लागत से पुस्तक परिवहन हेतु जय माँ जालपा समूह को कार्यादेश जारी किया गया। बताया जाता है की लाखों रुपए का ठेका होने के बावजूद जिले भर में शिक्षक ही अपना सारा कामकाज छोड़कर पुस्तक परिवहन कर रहे हैं। दिखावे के लिए इक्का दुक्का जगह पर ठेका लेने वाली संस्था किताबें पहुंचाती है। शिक्षा विभाग में चल रहे इस गड़बड़ झाले की अगर निष्पक्ष जांच हो तो सारी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

# भारतीय टीम के अभ्यास मैच पर बारिश का साया खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर भी चिन्ताएं बढ़ीं

कोलंबो

भारतीय क्रिकेट टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गयी है। इस सीरीज के लिए दोनो ही टीमों की तैयारी पूरी है। भारतीय टीम को यहां सीरीज शुरु होने से पहले एक अभ्यास मैच भी खेलना है जिसपर बारिश का साया मंडरा रहा है। इसके अलावा प्रमुख खिलाडियों की फिटनेस को लेकर भी भारतीय टीम परेशान है। भारतीय टीम को 7 अगस्त से कोलंबो में तीन दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलना है पर मौसम विभाग ने इस दौरान भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, 7 से 9 अगस्त तक कोलंबो में भारी बारिश होने आ अनुमान है, जिसमें पहले दिन ही 91 फीसदी बारिश हो सकती है। इसके बाद भी बाकि दिन बादल छाए रहेंगे। यहां भारतीय टीम के पहुंचते ही उसे बारिश का सामना करना पड़ा जिससे ऐसे में आगे भी अभ्यास सत्र पूरी तरह से बाधित होने की आशंका है। भारतीय टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 15 से 19 अगस्त तक गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। इसके बाद दोनो ही टीमें दूसरे टेस्ट के लिए कोलंबो रवाना होंगी, जो 23 से 27 अगस्त तक सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित होगा। सीरीज शुरू होने से पहले ही भारतीय टीम खिलाड़ियों की की फिटनेस से परेशान है। इससे भी टीम प्रबंधन की चिंताएं बढ़ गयी हैं। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले ही सीरीज से बाहर हो गये हैं।उनकी जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया है। बुमराह के अलावा हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट, नितीश कुमार रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण बाहर हैं। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी पीठ में खिंचाव के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इन चोटों ने टीम की बेंच स्ट्रेंथ और संयोजन पर सीधा प्रभाव पड़ा है।





टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन टेनिस में रिटर्न शॉट लगाती हुई बेलारुस की आर्चका सबालेंका।

## आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुईस टूर्नामेंट के रैपिड में टॉप पर

### 18 में से 12 पॉइंट्स जुटाए, अब 18 ब्लिट्ज मैचों से खिताब का फैसला

नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका में खेले जा रहे सेंट लुईस रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस टूर्नामेंट के रैपिड में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने 18 संभावित पॉइंट्स में से 12 पॉइंट्स जुटाकर 1 पॉइंट की बढ़त बनाई। अब खिताब का फैसला 18 ब्लिट्ज मैचों से होगा। इस प्रदर्शन से साल के अंत में होने वाले ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। रैपिड सेक्शन के नौवें और अंतिम राउंड में प्रज्ञानानंदा को नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरीस्ट से हार मिली। इसके बावजूद वह 12 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बने रहे। रैपिड सेक्शन में उन्होंने 4 मैच जीते, 4 ड्रॉ खेले और सिर्फ एक मुकाबला गंवाया। सिंजारोव और वेस्ली सो संयुक्त दूसरे स्थान पर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंजारोव और अमेरिका के वेस्ली सो 11-11 पॉइंट्स के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। सिंजारोव इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के डी गुकेश को चुनौती देंगे।



टूर्नामेंट का रैपिड सेक्शन खत्म हो चुका है। अब सभी खिलाड़ियों को 18 ब्लिट्ज मुकाबले खेलने हैं, जिनके बाद चैंपियन का फैसला होगा। 2 लाख डॉलर (करीब 1.67 करोड़) की कुल इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार डॉलर (करीब ?42 लाख) मिलेंगे। ब्लिट्ज में हर जीत पर 1 पॉइंट मिलेगा, इसलिए प्रज्ञानानंदा के लिए अपनी बढ़त बनाए रखना आसान नहीं होगा।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई पहलवान लेसनर ने पेशेवर कुश्ती को अलविदा कहा

**वॉशिंगटन।** 10 बार के डब्ल्यू डब्ल्यू ई चैंपियन अमेरिकी रेसलर ब्रॉक लेसनर ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास की घोष्णा कर दी है। द बीस्ट इनकार्नेट के नाम से लोकप्रिय 49 साल के लेसनर ने द पैट मैकफी शो में कहा कि अब उनका सफर समाप्त पूरा हुआ। इसी के साथ ही खेल जगत में इस रेसलर का दो दशक लंबा करियर समाप्त हो गया है। लेसनर ने सोशल मीडिया में कहा, मैं आज दुनिया को यह बताने आया हूं कि मैंने संन्यास ले लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताहांत उनके लिए एक भावनात्मक दिन था, जब वह मिनियापोलिस में एक अंतिम हेल इन ए सेल मुकाबले में उतरे। इस मैच के साथ ही उन्होंने अपने पेशेवर कुश्ती करियर पर विराम लगाने का अंतिम फैसला कर लिया।लेसनर का करियर काफी अच्छा रहा है।

## अल्काराज कलाई की चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर

नई दिल्ली। दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कलाई की पुरानी चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर हो गए हैं।



इसके साथ ही साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में उनके खेलने पर भी सस्पेंस बढ़ गया है। अल्काराज अप्रैल के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। वे सिनसिनाटी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाले थे, जिसे ओपन की सबसे अहम तैयारी माना जाता है। सिनसिनाटी ओपन के टूर्नामेंट डायरेक्टर बॉब मोरान ने आधिकारिक बयान जारी कर अल्काराज के हटने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने और फिर से मुकाबले खेलने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका फिर से स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।'21 साल के स्पेनिश स्टार अल्काराज ने 14 अप्रैल को बार्सिलोना ओपन में अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उसी मैच के बाद कलाई की चोट उभरने पर उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इसके बाद वह फ्रेंच ओपन और पूरा ग्रास-कोर्ट सीजन, जिसमें विंबलडन भी शामिल है, नहीं खेल सके।

## सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल

नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर जोरदार तेजी दर्ज की गई है। निवेशकों के बढ़ते भरोसे और कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक संकेतों ने इन कीमती धातुओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। विशेष रूप से, चांदी लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त बनाए रखने में सफल रही है, जो बाजार में उसकी मजबूत मांग को दर्शाता है। राजधानी नई दिल्ली के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,42,900 प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर पर बनी हुई हैं, जो बाजार में मजबूत धारणा को दर्शाती हैं। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना इस स्तर पर स्थिर कारोबार कर रहा है, लेकिन यह पिछले सत्रों की तेजी और कुल मिलाकर सकारात्मक रुझान को दर्शाता है। वहीं, चांदी ने अपनी चमक और बढ़ाई है, और अब यह 2,23,654 प्रति किलोग्राम के आंकड़े को पार कर गई है। चांदी की यह लगातार तीसरी दैनिक बढ़त बाजार में उसकी मजबूत मांग और निवेशकों की दिलचस्पी को उजागर करती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कीमती धातुओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। सोने की कीमत 0.82 प्रतिशत उछलकर डॉलर 4,186 प्रति औंस पर पहुंच गई है, जबकि चांदी ने और भी तेज रफ्तार पकड़ी है। चांदी 1.30 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 61.03 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। वैश्विक स्तर पर इन धातुओं की बढ़ती कीमतें घरेलू बाजारों पर भी सीधा असर डाल रही हैं, जिससे भारतीय निवेशकों को भी लाभ मिल रहा है।



इस तेजी के पीछे कई आर्थिक कारक जिम्मेदार माने जा रहे हैं। प्रमुख रूप से, कच्चे तेल की कीमतों में हालिया गिरावट ने निवेशकों के बीच महंगाई बढ़ने की चिंताओं को कुछ हद तक कम किया है। महंगाई कम होने की उम्मीद से सोने जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली संपत्ति की मांग बढ़ती है, क्योंकि यह पारंपरिक रूप से मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, निवेशकों को अब यह उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना कम हो सकती है। ब्याज दरों में कम बढ़ोतरी का मतलब है कि गैर-लाभकारी संपत्ति होने के बावजूद सोने में निवेश अधिक आकर्षक हो जाता है, क्योंकि इसकी अवसर लागत कम हो जाती है। बाजार की निगाहें अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी फैसलों पर टिकी हैं। फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति से जुड़ी घोषणाएं और ब्याज दरों पर उसका रुख आने वाले समय में सोने की कीमतों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जब तक ब्याज दरों को लेकर स्पष्टता नहीं आती, तब तक बाजार में कुछ अस्थिरता बनी रह सकती है, लेकिन मौजूदा संकेत सोने और चांदी के लिए सकारात्मक बने हुए हैं, जिससे आने वाले समय में भी इनकी कीमतों में और मजबूती देखने को मिल सकती है। निवेशक इस समय सतर्कता के साथ निवेश के अवसरों पर नजर बनाए हुए हैं।

### रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 95.10 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 95.19 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 70 पैसे की मजबूती के साथ 94.89 के स्तर पर खुला। आरबीआई (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की बैठक और सकारात्मक वैश्विक संकेतों से पहले रुपये में सुधार दर्ज किया गया। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अपेक्षाकृत कम कीमतों और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से आयातकों की डॉलर की मांग पर असर पड़ा।

## आरबीआई ने नहीं की रेपो रेट में बदलाव

### स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी को भी 5 फीसदी पर बरकरार रखा

नई दिल्ली

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में तीन दिनों से चल रही मौद्रिक नीति सीमिति की बैठक का नतीजा आ गया है। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। ब्याज दर को 5.25 फीसदी ही रखी है। रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होने का मतलब होम लोन, कार लोन समेत अन्य कर्जों की ब्याज दरें नहीं बढ़ाएगी। केंद्रीय बैंक ने अपना रुख भी 'न्यूट्रल' रखा है। स्टैंडिंग डिपॉज़िट फ़ैसिलिटी को भी 5 फीसदी पर बरकरार रखा है। मार्जिनल स्टैंडिंग फ़ैसिलिटी और बैंक रेट में भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और इसे 5.5 फीसदी ही रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई हर दो महीने पर मौद्रिक नीतियों की समीक्षा करता है और फिर उसके बाद रेपो रेट का ऐलान होता है। केंदीय बैंक ने रेपो रेट में आखिरी बार बदलाव 5 दिसंबर 2025 को किया था। तब ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कमी करके इसे 5.25फीसदी किया गया था। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से वैश्विक आर्थिक बाजारों में अनिश्चितता बनी हुई है। अगस्त 2026 की एमपीसी बैठक ऐसे समय में हुई, जब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान तनाव का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, महंगाई और विकास दर पर देखने को मिल रहा है। भारत में जून 2026 में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो मई में 3.93 फीसदी थी। पिछले 17 महीनों में पहली बार महंगाई आरबीआई के 4 फीसदी के लक्ष्य से ऊपर गई है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों से जुड़े सप्लाई-साइड दबाव की वजह से महंगाई बढ़ने का अनुमान है।



## इलेक्ट्रिक बसों-ट्रकों के स्थानीयकरण नियम लागू करने की समय-सीमा बढ़ाई जाए

### सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने भारी उद्योग मंत्रालय से किया अनुरोध

नई दिल्ली

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) ने भारी उद्योग मंत्रालय से अनुरोध किया है कि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक बसों और ट्रकों के लिए स्थानीयकरण के नियम लागू करने की समय-सीमा बढ़ाई जाए। उसने यह मियाद 1 अप्रैल 2027 करने का आग्रह किया है। अभी यह समय-सीमा 1 सितंबर 2026 तय की गई थी। सायम का कहना है कि चीन ने रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध लगा है जिससे इन मैग्नेट की आपूर्ति में बाधा आ रही है। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक बसों और ट्रकों की ट्रैक्शन मोटर बनाने के लिए बहुत जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सायम ने 22 जुलाई को मंत्रालय को भेजे अपने पत्र में यह मांग की थी। पीएम ई-ड्राइव योजना के चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रिक बस और ट्रक निर्माता कंपनियों को ट्रैक्शन मोटर के अहम घटकों का निर्माण भारत में करना जरुरी है। सरकार पहले इन नियमों को 1 सितंबर 2025 से लागू करना चाहती थी लेकिन उद्योग की मांग पर इसे दो बार पहले ही टाला जा चुका है। अब सायम का कहना है कि चीन ने डिस्प्रोसियम और टर्बियम जैसे भारी रेयर अर्थ तत्वों और परमानेंट मैग्नेट के निर्यात पर नियंत्रण लगा दिया है। इससे पूरी दुनिया में इन मैग्नेट की आपूर्ति अस्त-व्यस्त हुई है। यह मैग्नेट इलेक्ट्रिक बसों और ट्रकों में इस्तेमाल होने वाली ट्रैक्शन मोटर के लिए अहम है।




उद्योग संगठन ने कहा कि हालांकि कुछ कंपनियों को निर्यात की अनुमति मिली है, लेकिन हर खेप के लिए सरकार की मंजूरी लेनी पड़ती है। इससे सामान मिलने में काफी समय लग रहा है और आपूर्ति अनिश्चित बनी हुई है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 152 अंक निफ्टी 9 अंक उछला

मुम्बई

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को दिन भर उतार-चढ़ाव के बाद तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबार दिन दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच ही खरीददारी से बाजार ऊपर आया। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले से पहले निवेशकों की खरीदारी के साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच शीर्ष समझौते की उम्मीद से भी बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 152 अंक की बढ़त के साथ ही 78,581.00 अंकों के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 9 अंक उछलकर 24,624.65 अंकों के स्तर पर बंद हुआ।



आज मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव रहा। निफ्टी मिडकैप बाजार बंद होने तक 2 अंकों की ब?त के साथ ही 18,218.45 अंक पर बंद हुआ। आज श्रीराम फाइनेंस, ग्रेसिम, हिंडाल्का, जुबिलेंट फूड और बॉश के के अलावा पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के शेयरों में तेजी रही जबकि अपोलो अस्पताल, एचसीएल टेक और टीसीएस कल्याण ज्वेलर्स, मैरिको आदि के शेयर गिरे। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सुबह कारोबार के दौरान सेंसेक्स 490.67 अंक की बढ़त के साथ ही 78,919.62 पर कारोबार करता दिखा जबकि निफ्टी तकरीबन 29.60 अंक बढ़कर 24,643.90 के स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी50 इंडेक्स में इंटरग्लोब एविएशन, लार्सन एंड टुब्रो और श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही।

# व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा, शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाने के दिये निर्देश**

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यवस्थित ग्रामीण विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना आवश्यक है। शहरी एवं बड़ी ग्राम पंचायतों के विकास तथा बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना बनाई जाए। नगरों के निकट विद्यमान पंचायतों के प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाये ताकि आसपास के क्षेत्र में सड़कें व अन्य अधोसंरचना व्यवस्थित रूप से विकसित हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगले वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, वीबी जी राम जी योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, मुख्य सचिव अशोक



बर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गौपालकों को प्रोत्साहित किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। अतः मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत घरों में गौपालन को भी प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही गो-समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि कई जिला पंचायत और जनपद पंचायत भवनों का निर्माण आकर्षक और प्रभावी तरीके से किया गया है, जो पंचायत राज संस्थाओं के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़े और बेहतर कार्य कर रहे स्व-सहायता समूहों को लघु उद्योगों तथा एमएसएमई गतिविधियों से जोड़ा जाए।

### ड्रोन से हो रहा ग्रामीण सड़कों की स्थिति का आंकलन

बैठक में बताया गया कि ग्रामीण सड़क विकास के अंतर्गत गुणवत्ता नियंत्रण, संधारण में प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अधिकतम लंबाई की पूर्णता के लिए भी मध्यप्रदेश, पूरे देश में प्रथम रहा। प्रदेश में ड्रोन तकनीक के माध्यम से ग्रामीण सड़कों की संधारण स्थिति के आंकलन का नवाचार जारी है। वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक लाख 24 हजार कार्यों पर 2 लाख 62 हजार मजदूर दैनिक रूप से कार्यरत हैं। मजदूरों को 18 करोड़ 20 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश के जल संरक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने सीधी में बने 1500 तालाबों और नरसिंहपुर के अमृत सरोवरों को अनुकरणीय बताया। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अंतर्गत प्रदेश में हिन्दी में एसओआर लागू किया गया है, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों की तकनीकी दक्षता बढ़ी है।

### 10 हजार 554 ग्राम पंचायतों में आरंभ हुई ऑनलाईन सेवाएं

बैठक में जानकारी दी गई कि सभी 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में वृंदावन ग्राम का चयन किया जा चुका है। तैंतीस जिलों के 135 ग्राम की पंचवर्षीय कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं। ग्रामीणों को 10 हजार 554 ग्राम पंचायत भवनों में ऑनलाईन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे 53 हजार 813 भवन अनुज्ञा जारी की गई और टैक्स तथा फीस के रूप में 3 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान ऑनलाईन प्राप्त किया गया। सोलर विलेज के पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में जनपद पंचायत उज्जैन की सभी 76 ग्राम पंचायतों में गतिविधियां जारी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत दिसम्बर 2023 से वर्तमान तक प्रदेश में 19 हजार 440 करोड़ रूपए लागत के 16 लाख 20 हजार से अधिक आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 8 लाख 19 हजार आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। इसी प्रकार पीएम जनमन आवास योजना में दिसम्बर 2023 से स्वीकृत 1.89 लाख आवासों में से एक लाख 48 हजार आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।



## चयनित अधिकारी पद का नहीं, अपने संस्कारों का दें परिचय : राज्यपाल

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारत युवाओं का देश है संयमित, अनुशासित जीवन मूल्यों से संस्कारित युवा ही समाज और राष्ट्र के विकास की असली ताकत होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए नशा मुक्त भारत अभियान के संदर्भ में नशे के दुष्प्रभावों की चिंता व्यक्त करते हुए परिवार और समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सेवा के चयनित प्रतियोगियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका सम्मान उनके ज्ञान, संस्कार, उत्तरदायित्व और नेतृत्व के साथ देश के भविष्य निर्माण की पहल है। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित सिविल सेवा चयनित प्रतिभागियों के अभिनंदन एवं मार्गदर्शक सम्मान समारोह को नर्मदा क्लब भोपाल में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि अधिकारी के रूप में चयनित प्रतिभागी जहां भी जाएं अथवा जिससे भी मिले उसमें पद का अभिमान नहीं होना चाहिए। उनके संघर्ष के संस्कार होने चाहिए। उन्होंने दृष्टांतों के माध्यम से प्रतिभागियों को वाणी में विनम्रता, व्यवहार में धैर्य, संवेदनशीलता और वंचितों के प्रति समानुभूति होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए आत्म चिंतन जरूरी है।

**संयमित, संस्कारित और संवेदनशील युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति**

# डायल 112 स्टाफ से अभद्रता करने वाला अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** थाना पथरिया की पुलिस ने डायल 112 के स्टाफ से अभद्रता करने वाले मुख्य आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में दमोह पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पथरिया पुलिस ने डायल 112 स्टाफ से अभद्रता एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफ्लता प्राप्त की है। दिनांक 10.07.2026 को ग्राम सूखा निवासी जाहर सिंह लोधी द्वारा परिवार के ही खूब सिंह लोधी से जमीनी विवाद पर से लड़ाई झगड़ा हो जाने सबंधी 112 डायल पर ईवेन्ट दिया था जो डायल 112



मौके पर ग्राम सूखा पहुंची जहां आरोपी खूब सीग लोधी एवं एक अन्य द्वारा कालर जाहर सिंह लोधी के साथ गाली गलौच के साथ मारपीट की एवं डायल 112 स्टाफ द्वारा समझाने पर उक्त आरोपी खूब सिंह लोधी द्वारा एफ्आरव्ही के पायलट के साथ गाली गलौच कर शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं स्टाफ के साथ अभद्रता कर आरक्षक का मोबाईल झपट कर ले जाने की घटना घटित की थी जिस पर से थाना पथरिया मे आरोपी खूब सिंह लोधी व एक अन्य के विरूध्द शासकीय कार्य में बाधा डालने व फरियादी जाहर सिंह लोधी निवासी ग्राम सूखा के साथ मारपीट करने सबंधी अपक्र 340/2026 धारा 296ए,115(2), 351(2) बीएनएस एवं 342/2026 धारा 296ए, 115 (2), 132, 304 (2) 351(2), 3 (5) बीएनएस 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5क एससीएसटी एक्ट पंजीबध्द जाकर विवेचना मे लिये गये थे । दौरान विवेचना आरोपीगण की तलाश दौरान दिनांक 03.08.2026 को थाना पथरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि प्रकरण का फरार आरोपी खूब सिंह लोधी निवासी ग्राम सूखा का जगथर तिगड्डा यात्री प्रतीक्षालय मे अवैध हथियार लिये बैठा जो सूचना की तस्दीक पर जगथर तिगड्डा यात्री प्रतीक्षालय पहुंचकर तलाशी के दौरान आरोपी खूब सिंह लोधी पिता भगवान सिंह लोधी निवासी ग्राम सूखा के कब्जे से एक अवैध 315 बोर देशी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस समक्ष गवाहान जप्त कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया जाकर थाना पर अपक्र 382/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया गया एवं आरोपी को न्यायालय पेश किया जाता है। गिरफ्तारशुदा आरोपी खूबसींग लोधी पिता भगवान सिंह लोधी उम्र 36 साल निवासी ग्राम सूखा थाना पथरिया हाल ग्राम बरा थाना बण्डा जिला सागर।

# विद्यार्थियों के चेहरे पर मुझे दिखता है भारत का भविष्य: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने निभाई मास्टर ट्रेनर की भूमिका, विद्यार्थियों को दिये सफलता के टिप्स

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की वह कुंजी है, जो विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुँचाती है। आज इन युवाओं के चेहरों पर ही मुझे भारत का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को टी.टी. नगर स्थित कमला नेहरू सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों के साथ आयोजित आत्मीय संवाद कार्यक्रम में कही। विद्यालय में संवाद के दौरान मास्टर ट्रेनर की भूमिका में नज़र आए। उन्होंने छात्राओं को सफलता के अनमोल टिप्स दिए और भरोसा दिलाया कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है। विद्यार्थियों के हर सपने को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर



रही है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा वर्ग की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अमृतकाल की यह युवा पीढ़ी ही प्रदेश और देश को प्रगति की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश का अमृतकाल चल रहा है। आज के युवा देश की अमृत पीढ़ी हैं, देश के नवनिर्माता हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना युवा वर्ग मिलकर ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज यदि युवा के पास कुछ कर गुजरने के बड़े सपने हैं, तो मैं खुद और हमारी पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने सपने को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत कीजिए, क्योंकि भविष्य का मध्यप्रदेश और विकसित भारत का सपना आपकी मेहनत से ही साकार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं, लायब्रेरी, संगीत कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का मुआयना किया। विद्यालय की बालिकाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पौधा भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैं भी ऐसे ही किसी सरकारी विद्यालय में ही पढ़ा हूं। हमारे समय में स्कूलों में इतनी सुविधाएं नहीं होती थीं। भारत को अपनी शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान के बल पर विश्व में सम्मान मिलता है। भारत का अर्थ है कि जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने में लीन हो। इसी प्रकार गुरु भी हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। भारतीय संस्कृति जियो और जीने दो, वसुधैब कुटुम्बकम की संस्कृति है। भारतीय गुरूकुल परंपरा और शिक्षा व्यवस्था का गौरवशाली इतिहास रहा है। भारत के अलावा दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जो आर्थिक रूप से ज्यादा शक्तिशाली हैं, लेकिन सिर्फ धन से देश नहीं चलता है।

### दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर हटा में जश्न

**हटा (स्वतंत्र मत)।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा द्वारा नायक तिगड्डा पर विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए जीत का जश्न मनाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा के अध्यक्ष योगेश सराफ ने कहा कि यह जीत जनशक्तिए लोकतांत्रिक विश्वास और जनता के जनादेश की जीत है। उन्होंने कहा कि यह अहंकार की हार है और जनता ने लोकतंत्र में अपना विश्वास मजबूत किया है। उन्होंने कहाए ष्अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता के सहयोग और विश्वास के साथ वर्ष 2028 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

# मडियादो में पुरानी रंजिश पर गोलीबारी

**दादा-नाती घायल, जिला अस्पताल में भर्ती**

**मडियादो (स्वतंत्र मत)।** मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना खेड़ा महावीर मुहल्ला में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश के चलते गोलीबारी की घटना सामने आई। हवाई फायर के साथ चली गोली के छर्रे लगने से एक बच्चा और एक वृद्ध घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मडियादो निवासी गुड्डा पाठक रात करीब 9 बजे आंगन में बैठे दयालु पिता दलुआ आदिवासी 55 वर्ष पर पुरानी रंजिश के चलते गोली चला दी। गोली के छर्रे दयालु के हाथ में लगे। इसी दौरान पास में मौजूद उनके नाती लच्छू उर्फ लक्ष्मण पिता मुलू आदिवासी पुराना खेड़ा महावीर मुहल्ला निवासी को भी हिप्स में छर्रे लग गए। घटना



के बाद घायलों को तत्काल मडियादो अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। 112 डायल वाहन पंचर हो जाने के कारण मंगलवार-बुधवार देर रात करीब 1:20 बजे दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां ड्यूटीरत डॉ. विक्रम पटेलए सर्जिकल स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉ उमेश तंतुवाय और टीम द्वारा दोनों का उपचार कर भर्ती किया गया। सूचना पर 112 डायल एफआरबी 4 के आरक्षक रानू और चालक चरण साथ ही राजपुरा एफआरबी 7 के धर्मेंद्र सिंह और आरक्षक पायलट रमाकांत मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान, एएसआई बलविंदर सिंह, प्रधान आरक्षक केवल प्रधान सहित पुलिस पहुंची और घायलों से जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी मडियादो प्रीति पांडे घायलों व उनके परिजनों से जानकारी लेकर गुड्डा पाठक पर मामला पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## व्हीएचएसएनडी सत्रों का किया निरीक्षण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य रक्षा से जुडे ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों और दस्तक अभियान का अवलोकन किया। अवलोकन दौरान तैयार हितग्राही सूची अनुसार लाभार्थी हितग्राहियों का मिलान किया। टीकाकृत बच्चों की जन्म तिथी के आधार पर कौन सा टीका किस समय लगाया गया देखा। पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कब किया गया, यह भी अवलोकन किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया के अंतर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर उमरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ग्राम उमरी में दस्तक अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष के कितने बच्चों को लाभांवित किया गया। साथ ही सेवाप्रदाताओं द्वारा डीएसएस पोर्टल पर की गई प्रविष्टि जानकारी ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपरिया चम्पत और किशुनगंज के निरीक्षण दौरान हितग्राहियों को दी गई सेवाओं के बारे में जानकारी ली एवं एमसीपी कार्ड में की गई जांचों की प्रविष्टि का अवलोकन किया। ड्यू लिस्ट अनुसार कितने हितग्राही को लाभान्वित किया गया है यह देखा। यू विन पोर्टल पर लाभान्वित हितग्राहियों की प्रविष्टि सत्र उपरांत ही किये जाने के निर्देश सेवाप्रदाताओं को दिये।



**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक जेआर. एलआईजी 470 श्री यादव राव गजरे पिता श्री नत्थू लाल गजरे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.10.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री यादव राव गजरे पिता श्री नत्थू लाल गजरे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23.04.2026 के माध्यम से श्री शुभम जैन पिता श्री नरेन्द्र जैन को विक्रय किया है। अतः श्री शुभम जैन पिता श्री नरेन्द्र जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण भूखण्ड बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल आ. स्व. श्री नानजी भाई पटेल पता 1003 गंगा सागर गढ़ा रोड जबलपुर के नाम से पुत्र श्री प्रफुल्ल पटेल पिता स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल के नाम पर नामांतरण हेतु प्रस्तावित है। उनके स्वामित्व की एक नग आरा मशीन (आरा मशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक JBP/SM/2012/67)मेक वर्ष 1960 (माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में क्रमांक 320) क्षमता 10 HP है। वर्तमान में स्थापित स्थल पता-1003 गंगासागर गढ़ा रोड जबलपुर है। पिन कोड 482003 म.प्र. के नाम पर पंजीकृत है। उक्त आरा मशीन लायसेंस का नामांतरण व स्वामित्व हस्तांतरण कर श्री प्रफुल्ल पटेल पिता स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल पता 1003 गंगा सागर गढ़ा रोड जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.) के नाम पर दर्ज कराया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संबंध में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपने प्रमाण सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नाम परिवर्तन/हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जाएगी।

**निवेदक**
**श्री प्रफुल्ल पटेल**
**पिता-स्व. श्री जयंती भाई उर्फ बाबू भाई पटेल**
**पता-1003 गंगा सागर गढ़ा रोड जबलपुर (म.प्र.)**
**मो. 9425323960**
**8770208891**

# नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड भ्रमण से स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग 28वें स्थान पर पहुंची : कलेक्टर

### गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से टीबी स्क्रीनिंग तक उल्लेखनीय सुधार

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा और फील्ड स्तर पर अधिकारियों एवं स्वास्थ्य अमले की सक्रिय मॉनिटरिंग का सकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति की नियमित बिंदुवार समीक्षा और क्षेत्रीय भ्रमण के कारण स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा गर्भवती महिलाओं के पंजीयन का प्रतिशत अप्रैल माह के 65 प्रतिशत से बढ़कर 81 प्रतिशत हो गया है। वहीं गर्भवती महिलाओं



के समुचित प्रबंधन में 75 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत तक प्रगति हुई है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की देखभाल का प्रतिशत 77 से बढ़कर 95 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कलेक्टर ने कहा टीकाकरण कवरेज 79 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गया है। वहीं टीबी स्क्रीनिंग 52 प्रतिशत से बढ़कर 61 प्रतिशत तक पहुंची है। टीबी मरीजों के एक्सरे परीक्षण में 44 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई है जबकि टीबी मरीजों के संपर्कों की जांच एवं टीपीटी कवरेज 31 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। कलेक्टर ने कहा पहले प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग 51वें स्थान पर थी जो अब सुधरकर 28वें स्थान पर पहुंच गई है। कुछ स्वास्थ्य संकेतकों में जिला 18वें स्थान तक भी पहुंच चुका है। उन्होंने कहा यह सुधार लगातार समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग और फील्ड स्तर पर की गई कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने आमजन से शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण को लेकर पहले जो भ्रांतियां थीं उन्हें दूर करने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं द्वारा डेटा अपलोड, फील्ड कार्य एवं अन्य व्यवस्थाओं

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र**
क्र./सं.अधि./07/M.E.N.P.No/ 92 2025-2026 दिनांक 31/7/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री जितेन्द्र झा पिता स्व. श्री मुनीश्वर दयाल झा ने भवन क्रमांक 2423/1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426551 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी श्री मुनीश्वर दयाल झा पिता निरंजन झा के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन जिस पर निर्मित भूतल 597 व.फु. आर.सी.सी. विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर**
रा.प्र.क. 0462/अ 6/ 26-27

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नी बाई नाहर पति स्व. दुर्गा प्रसाद निवासी म.नं.165 वार्ड नं. 5 विहाईन्ट अवर लेडी चर्च के पास धाना खमरिया ने ग्राम धाना प.ह.नं. ... रा.नि.म पनागर स्थित भूमि खसरा नं. 78 में से विक्रय रकवा 55X43 रकवा 2365 वर्गफुट हे. भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि के नामांतरण पर जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 31/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक 17/8/2026

**नायब तहसीलदार पनागर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2026/27/एम/115 दिनांक 3/8/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा जैन पति श्री अनूप जैन ने मकान नं. 746/11 दु. वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 175 व.फु. भूतल 175 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**



## ▶▶ कांवड़ यात्रा के दौरान ना हो किसी भी प्रकार की परेशानी

### कलेक्टर, एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आगामी 10 अगस्त को गौरीघाट से कैलाशधाम तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए यात्रा मार्ग एवं खमरिया मटामर स्थित कैलाशधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने यात्रा मार्ग पर जर्जर सड़क का सुधार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कैलाशधाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ▶▶ सूना घर खंगाल लाखों के जेवर और नकदी पार

### हनुमानताल के पंचकुइयां क्षेत्र में चोरी की वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना क्षेत्र के पंचकुईया निवासी मोहम्मद गुलाम ने बताया कि वह अपनी बुआ के निधन के बाद आयोजित दसवें के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार के साथ राजा चौक स्थित अपने पिता के घर गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ली। एकत्र हो गए और लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई। सूचना पर हनुमानताल थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।





# उफनती बेतवा नदी पार कर स्कूल जा रहे बच्चे, हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

## वायरल वीडियो पर सरकार, पीडब्ल्यूडी और विदिशा कलेक्टर को नोटिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





विदिशा जिले में उफनती बेतवा नदी के स्टॉप डैम पर जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर बच्चों का वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला अब मप्र हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार, लोक निर्माण विभाग और विदिशा कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। वहीं वीडियो के वायरल होते ही जिला प्रशासन ने डैम से आवागमन पर तत्काल रोक लगाते हुए चौकीदार तैनात कर दिए हैं।

***4 गांवों के छात्र डैम से पहुंच रहे स्कूल***- जानकारी के अनुसार विदिशा जिले के ग्राम पलोह के पास बने स्टॉप डैम से होकर 4 गांवों के छात्र-छात्राएं रोजाना स्कूल पहुंचते थे। बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ने के बावजूद बच्चे डैम के संकरे मोहरों पर छलांग लगाकर स्कूल जाते नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। इधर मप्र हाईकोर्ट ने भी मामले को गंभीर मानते हुए स्वत: संज्ञान लिया और राज्य सरकार, लोक निर्माण विभाग तथा विदिशा कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

***डेढ़ किलोमीटर बचाने छात्र उठा रहे बड़ा जोखिम***- बताया जा रहा है कि पलोह क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल में ककरुआ, इमलिया, बंधेरा और बहलोद चक गांवों के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। सड़क मार्ग से स्कूल पहुंचने के लिए उन्हें 10 से 15 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जबकि स्टॉप डैम पार करने पर दूरी सिर्फ डेढ़ किलोमीटर रह जाती है। इसी कारण बच्चे इस रास्ते का इस्तेमाल कर रहे थे। लगातार बारिश के चलते बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया था। ऐसे में स्टॉप डैम पूरी तरह जोखिम भरा हो गया। वायरल वीडियो में बच्चे तेज बहाव के बीच संकरे हिस्सों पर छलांग लगाते हुए दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे में बदल सकती थी।

***चौकीदार हुए तैनात***- इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और सुरक्षा के मद्देनजर स्टॉप डैम से लोगों की आवाजाही तत्काल बंद करा दी। डैम के दोनों ओर चौकीदार तैनात किए गए हैं ताकि कोई भी व्यक्ति इस रास्ते का उपयोग न कर सके। जिला प्रशासन ने बच्चों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बंधेरा स्कूल को हाई स्कूल में उन्नत करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) के माध्यम से स्टॉप डैम पर स्लैब डालने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है, ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर सुरक्षित आवागमन संभव हो सके। विदिशा एसडीएम के अनुसार फिलहाल बारिश के मौसम को देखते हुए स्टॉप डैम से आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। आसपास के चार गांवों के चौकीदारों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान पर काम किया जा रहा है।

# पंजीयन आयुर्वेदिक उपचार का बांटी जा रही थी एलोपैथिक दवाइयां

## स्वास्थ्य विभाग की 2 जगह दबिश, पैथालॉजी सेंटर हुआ सील

जबलपुर (स्वतंत्र मत)






मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के निर्देश पर बुधवार को जांच दल द्वारा कांचघर स्थित डॉ लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में इलाइट इंजीनियरिंग बायोमेडिकल बेस्ट का रजिस्टर प्राप्त नहीं हुआतथा डॉ लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर में कार्यरत टेक्नीशियन के पास न्यू दिल्ली पैरामेडिकल काउंसिल अथवा मप्र पैरामेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। सेंटर को तत्काल सील कर उन्हें 3 दिवस का समय दिया गया है कि वह सेंटर से संबंधित व कार्यरत स्टॉफ के समस्त डॉक्यूमेंट लेकर सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थित होंवे।

***अस्पताल को थमाया नोटिस***- इसके अलावा सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी के द्वारा लेबर चौक, स्नेह नगर जबलपुर स्थित जनता पाइल्स हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया, वहां पर अनियमितता मिलने पर तत्काल सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी ने मौखिक निर्देश देकर जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील व सदस्य विकास श्रीवास्तव को निरीक्षण करने को भेजा गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल का पंजीयन आयुर्वेदिक उपचार के लिए किया गया था लेकिन वहां एलोपैथिक दवाइयां प्राप्त हुई। इलाइट इंजीनियरिंग बायो मेडिकल वेस्ट का पंजीयन था परन्तु मेंटेनेंस रजिस्टर नहीं मिला। अस्पताल को नोटिस देकर सभी कार्यरत स्टॉफ की शैक्षणिक योग्यता सर्टिफिकेट तथा अस्पताल के पंजीयन से संबंधित समस्त डॉक्यूमेंट लेकर विक्टोरिया सीएमएचओ ऑफिस में तीन दिन दिवस के अंदर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।



## निरस्त रहेगी भुसावल कटनी एक्सप्रेस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य रेल के भुसावल मण्डल में भादली-जलगांव रेलखण्ड पर पांचवी रेललाइन कनेक्शन के लिए प्री-एनआई एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ रेलगाड़ियां प्रभावित रहेगी। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 19013/19014 भुसावल-कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन को एक-एक ट्रिप के लिए निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन भुसावल से 12 अगस्त को निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन कटनी से 14 अगस्त 2026 को निरस्त रहेगी।

# टायर गोदाम में लगी भीषण आग, आसमान में छाया काले धुएं का गुबार

## खजरी खिरिया बाईपास का मामला, लाखों का नुकसान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नागपुर-रीवा हाईवे पर खजरी खिरिया बाइपास स्थित एक टायर गोदाम में बुधवार दोपहर भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखे लाखों रुपए कीमत के टायर उसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया, जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इधर आग की सूचना मिलते ही 10 दमकल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास के अन्य गोदामों और प्रतिष्ठानों तक आग फैलने से रोक लिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। घटना में लाखों रुपए के टायर जलकर नष्ट होने की आशंका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। आग से हुए नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। इस मामले को लेकर फायर अधीक्षक कुशाग्र सिंह ने बताया कि जानकारी लगते ही दमकल विभाग की लगभग 10 गाड़ी मौके पर पहुंचीं और कड़ी मसक्कत कर आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग टायर रिमॉडलिंग कंपनी में आग लगी थी, हालांकि आग लगने से किसी तरह की जानकारी नहीं हुई है।

***काम न होने पर बंद थी दुकान*** - फायर अधीक्षक ने बताया कि शेख हुसैन की टायर रिमॉडलिंग की शॉप थी। आज काम न होने के कारण शॉप बंद थी। दोपहर को स्थानीय लोगों ने गोदाम मालिक और फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए बताया कि भीषण आग लग गई है। कुछ ही देर बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचे और आपको खाने में जुट गई। मुझे दौरान आग लगी उसे समय गोदाम में कोई नहीं था, जिसके चलते बड़ी जनहानि नहीं हो पाई। आधारताल थाना पुलिस भी आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुहंची और मामले की जांच में जुट गई है।

# मूर्ति भेजने के नाम पर साइबर ठगी

## व्यापारी से ऑनलाइन वसूले 38 हजार रुपए

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में ऑनलाइन साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। मकराना से मूर्ति मंगवाने के नाम पर व्यास मार्बल आर्ट के व्यापारी विमल व्यास के साथ 38 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने सीसीटीएनएस पोर्टल के माध्यम से दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि विमल व्यास ने राजस्थान के मकराना स्थित मोहम्मद वसीम से काले शिवलिंग खरीदे थे। इन शिवलिंगों को भेड़ाघाट तक पहुंचाने के लिए उन्होंने 23 जुलाई 2026 को जस्टडायल पर ट्रांसपोर्टर की तलाश की। उन्हें करणी ट्रांसपोर्ट के नाम से नितिन सिंह ठाकुर का मोबाइल नंबर मिला। नितिन ने मकराना से जबलपुर तक का भाड़ा 42 हजार रुपए तय किया और बुकिंग राशि के तौर पर 3 हजार रुपये साहू किराना के नाम के क्यूआर कोड पर ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद, नितिन ने मकराना में माल लोड कराने के लिए एक ट्रक भेजा। 26 जुलाई को माल ट्रक में लोड होने के बाद, आरोपी ने व्यापारी से उसी क्यूआर कोड पर 35 हजार रुपए और जमा करवा लिए। व्यापारी को धोखाधड़ी का तब पता चला, जब अगले दिन असली करणी ट्रांसपोर्ट के मालिक रेवत सिंह बोरावड़ ने उन्हें फोन किया। बोरावड़ ने बताया कि गाड़ी उनके पास खड़ी है और माल भेजने के लिए 55 हजार रुपए का भुगतान करना होगा, क्योंकि नितिन नामक व्यक्ति ने केवल गाड़ी बुक की थी।

## आग से जली वृद्धा की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पनागर थाना अतंर्गत ग्राम सिमरा खिरिया में आग से जलने पर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरा खिरिया निवासी 70 वर्षीय सावित्री बाई पटेल को गत रात आग से जलने के कारण पति राम सिंह पटेल द्वारा उपचार के लिए हेल्थ सिटी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल कठौंदा मोड़ कटंगी बायपास में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान नानी सावित्री बाई पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## नेतृत्व क्षमता, बूथ प्रबंधन को सशस्त बनाने कांग्रेस ने शुरू किया प्रशिक्षण शिविर



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों के 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कृष्णम रिशोड, पाटन बाईपास स्थित परिसर में किया गया। कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस में पांच प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में ललित सेन, आनंद जाट, आरिफा खान ने ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता, बूथ प्रबंधन तथा जनसंपर्क को सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन राष्ट्रीय प्रभारी हरीश चौधरी, मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, शहर प्रभारी राजकुमार खुराना, विधानसभा प्रभारी परम यादव, विवेक पांडे, महेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे।

# आयकर विभाग ने टीडीएस/टीसीएस विषय पर जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन

## हितकारिणी सभा के संयोजन में आयकर अधिकारियों ने नवीन आयकर अधिनियम-2025 के प्रावधानों से कराया अवगत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




आयकर विभाग द्वारा हितकारिणी सभा के संयोजन तथा हितकारिणी महिला महाविद्यालय एवं हितकारिणी विधि महाविद्यालय के प्रायोजन में टीडीएस एवं टीटीएस विषयक जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य टीडीएस/टीसीएस से संबंधित नवीन प्रावधानों, समय पर एवं त्रुटिरहित विवरणी प्रस्तुत करने, टीडीएस डिफॉल्ट के निराकरण, ई-वेरिफिकेशन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

***प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का हुआ समाधान*** - कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश शुक्ला (आयकर अधिकारी, वार्ड-1(1), जबलपुर), रबिंद्र कृष्णनन (आयकर अधिकारी, टीडीएस-2, जबलपुर) एवं विशाल कश्यप (आयकर अधिकारी, टीडीएस-1, जबलपुर) रहे। उन्होंने टीडीएस/टीसीएस की वैधानिक व्यवस्थाओं, समयबद्ध अनुपालन, करदाताओं की सामान्य त्रुटियों तथा उनके व्यावहारिक समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नवीन आयकर अधिनियम-2025 में किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तनों एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने उपस्थित प्राचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नए प्रावधानों, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं तथा उनकी व्यवहारिक उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया और बताया कि समय पर नियमों की जानकारी एवं उनका पालन करने से कर संबंधी त्रुटियों से बचा जा सकता है तथा संस्थागत कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनती है। वक्ताओं ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

***समय-समय पर आयोजित होती हैं कार्यशालाएं***- कार्यक्रम में अविनाश कुमार (आयकर अधिकारी), टीवी चाको (आयकर अधिकारी) एवं अमित कुमार सिन्हा (आयकर निरीक्षक) की उपस्थिति रही। साथ ही सीनियर अकाउंट ऑफिसर पवन वैध, सुधांशु गुप्ता एवं राजेश भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय तथा हितकारिणी विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास सिंह उपस्थित रहे। हितकारिणी सभा के प्रभारी अधिकारी सुबोध दुबे ने बताया कि हितकारिणी सभा शिक्षा, प्रशासनिक दक्षता एवं विधिक जागरूकता से जुड़े ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन करती रही है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नवीन कर व्यवस्था, वित्तीय अनुशासन तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हो सके और वे इनका लाभ अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में उठा सकें।

***विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान***- कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीलेश पाण्डेय ने सभी अतिथियों, आयकर विभाग के अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं संस्थानों में कर जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगार एवं व्यावसायिक जीवन में उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं। उन्होंने आयकर विभाग एवं हितकारिणी सभा के प्रति इस सार्थक पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. आशीष मालपाणी, डॉ. अंशुल मिश्रा, डॉ. रिजवी, नंदिता, शुभ्रा, प्रगति एवं आराधना सहित महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं अन्य प्रतिभागी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं सफल रही।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**